28वीं वार्षिक रिपोर्ट 2015-16

संधारणीय वृद्धि की तरफ़

मंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम और ओएनजीसी लि. की सहायक कंपनी)

www.mrpl.co.in

मंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड

(ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कार्पोरेशन लि. की सहयोगी कंपनी)

L85110KA1988GOI008959

वेबसाइट : www.mrpl.co.in E-mail: investor@mrpl.co.in

विषय-वस्तु	पृष्ठ सं.
हिस्सेदारों को अध्यक्ष का संदेश	2
मंडल की रिपोर्ट	7
C & AG की टिप्पणियां	30
प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट	31
निगमित अभिशासन संबंधी रिपोर्ट	36
वार्षिक व्यापार की जिम्मेदारी संबंधी रिपोर्ट(ABRR).....	50
लेखा परीक्षकों की स्वतंत्र वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट	58
तुलन-पत्र	64
लाभ-हानि विवरण	65
नकदी प्रवाह विवरण	66
स्वतंत्र वित्तीय विवरणों से संबंधित टिप्पणियाँ	67
लेखा परीक्षकों की समेकित वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट	93
समेकित तुलन-पत्र	100
समेकित लाभ-हानि विवरण	101
समेकित नकदी प्रवाह विवरण	102
समेकित वित्तीय विवरणों से संबंधित टिप्पणियां	103
गत निष्पादन	132

कंपनी सचिव

श्री दिनेश मिश्रा

संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक

मेसर्स ए. राघवेंद्र राव एण्ड एसोसिएट्स,
सनदी लेखाकार, मंगलूरु

मेसर्स श्रीधर, सुरेश एण्ड राजगोपालन्,
सनदी लेखाकार, चेन्नई

लागत लेखा परीक्षक

मेसर्स बंद्योपाध्याय भौमिक एण्ड कं,

लागत लेखाकार, कोलकाता

साचिविक लेखा परीक्षक

मेसर्स उल्लास कुमार मेलिनमोगरु एण्ड एसोसिएट्स,

कंपनी सचिव, मंगलूरु

आंतरिक लेखा परीक्षक

मेसर्स के वर्गीस एण्ड कं, सनदी लेखाकार,

एर्नाकुलम.

बैंकर

भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नैशनल बैंक
युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
कार्पोरेशन बैंक, सिटी बैंक एन.ए.

सॉलिसिटर और अधिवक्ता

मेसर्स मुल्ला एण्ड मुल्ला एण्ड क्रेज ब्लंट एण्ड कैरो, सॉलिसिटर्स

पंजीकृत कार्यालय और निवेशकर्ता संबंध कक्ष

मुडपदव, कुत्तेतूर, डाक घर, मार्ग काटिपल्ला
मंगलूर-575030, कर्नाटक
टेलीफोन: 0824-2270400 फैक्स: 0824-2273300

निवेशकर्ता संबंध कक्ष :

दिल्ली :

एलजीएफ, मर्केंटाइल हाउस
15 के.जी. मार्ग, नई दिल्ली - 110001
टेलीफोन : 011-23463100 फैक्स: 011-23463201

मुंबई :

मेकर टवर्स, 'E' विंग, 15वीं मंजिल,
कफ परेड, मुंबई - 400005
टेलीफोन : 022-22173000 फैक्स: 022-22173233

बेंगलूरु :

प्लॉट A-1, KSSIDC A.O. भवन के सामने, इंडस्ट्रियल एस्टेट
राजाजीनगर, बेंगलूरु – 560010 (कर्नाटक)
टेलीफोन : 080-22642200 फैक्स: 080-23505501

रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट

मेसर्स लिंक इन्टाईम इंडिया प्रा. लि
सी-13, पन्नालाल सिल्क मिल्स कंपाउंड
एल.बी.एस. मार्ग, भंडूप (पश्चिम), मुंबई- 400078
टेलीफोन: 022-25963838 / 25946970
फैक्स: 022-5946969
ई-मेल: mrplirc@linkintime.co.in

निदेशक मंडल

श्री डी.के. सर्राफ़
अध्यक्ष

श्री एच. कुमार
प्रबंध निदेशक

श्री एम. वेंकटेश
निदेशक (रिफाइनरी)

श्री ए.के. साहू
निदेशक(वित्त)

श्री बी.के. नामदेव
निदेशक (HPCLके नामिती)

1

श्रीमती पेरिन देवी
सरकारी निदेशक

श्री दिवाकर नाथ मिश्रा
सरकारी निदेशक

हिस्सेदारों को अध्यक्ष का संदेश

प्रिय हिस्सेदार,

हमारे सम्मान्य हिस्सेदारों के साथ अपने विचार बांटने और वर्ष 2015-16 की 28वीं वार्षिक रिपोर्ट पेश करने में मुझे बड़ी खुशी हो रही है.

आप जानते हैं कि वैश्विक तेल और गैस उद्योग, पिछले कुछ दशकों में नज़र आई सर्वाधिक गिरावटों में से एक का सामना कर रहा है. वैश्विक स्तर पर तेल और प्राकृतिक गैस की अतिशय आपूर्ति और उच्चतर उद्योग ऋण स्तर के चलते गिरती रहीं पण्य कीमतों के कारण धीरे-धीरे लाभ घटने से उद्योग का राजस्व गिर गया है. क्रूड और पण्य कीमतों में 2014-15 में तेज रफ्तार से धराशाई होने की प्रवृत्ति 2015-16 में भी जारी रही जिसका ऊर्जा की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा. प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से, भारत, अपनी सुधार प्रक्रिया, वस्तु एवं सेवा क्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन और व्यापक आर्थिक स्थिरता के बलबूते पर 2015-16 में 7.6% की स्वस्थ दर से अपनी आर्थिक वृद्धि के चलते पहले की भांति एक सितारे की तरह चमकता रहा.

वैश्विक बाजार में अस्थिरता के बावजूद, हम, अपने व्यवसाय में जोखिम को संभालने और अपने हिस्सेदारों के हितों की हिफ़ाजत करने के प्रति प्रतिबद्ध रहे. हमारा निरंतर लक्ष्य रहा है, परिष्करण और विपणन गतिविधियों में प्रचालन दक्षता को सुधारना और परिष्करण एवं पेट्रोकेमिकल व्यवसाय में अपनी स्थिति मजबूत बनाने के लिए नए-नए उपाय और पहल करना.

मुझे यह बताने में खुशी हो रही है कि आपकी कंपनी ने, सकारात्मक वित्तीय एवं प्रचालन निष्पादन हासिल किया है. वर्ष 2015-16 के दौरान, एमआरपीएल ने 103.5% की क्षमता का उपयोग करते हुए 15.53 MMT कच्चा तेल का प्रसंस्करण किया.

एमआरपीएल ने, 2015-16 के दौरान ₹50,864 करोड़ का कुल कारोबार किया और वित्तीय वर्ष की पहली तीन तिमाहियों की हानि का मुजरा करने के बाद ₹1148.16 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया.

बाजार में बढ़ती रही प्रतिस्पर्धा के बीच, हम, कर्नाटक, केरल और कुछ दूसरे राज्यों में भी पेट्रोलियम उत्पादों के प्रत्यक्ष बिक्री खंड में अपने पांव पसारते हुए लगातार अपनी पकड़ मजबूत बना रहे हैं. एमआरपीएल, अपने रिफाइनरी ज़ोन में बिटुमिन, ईंधन तेल, गंधक, डीज़ल, पेट्रकोक और मिश्रित ज़ाइलीन जैसे उत्पादों के लिए उल्लेखनीय बाजार अंश हासिल करता रहा है और अपने प्रत्यक्ष ग्राहकों की संख्या बढ़ाता रहा है.

आपकी कंपनी के अंतर्निहित बुनियादी मूल्य, एक नैतिक और भरोसेमंद साथी होने के नाते उसके ढांचे में समाए हुए हैं. भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक दृष्टिकोण और परिवहन क्षेत्र में बढ़ती रही मांग के चलते हमने अपना खुदरा व्यवसाय मजबूत बनाने के लिए महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाई हैं. हमें, निकट भविष्य में बड़ी संख्या में खुदरा केंद्र स्थापित करने की आशा है.

पेट्रोकेमिकल व्यवसाय में, हर एक कण के लिए अधिकतम मूल्य हासिल करने की दृष्टि से एमआरपीएल का पॉलीप्रॉपीलीन संयंत्र जून 2015 में चालू किया गया जिसे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री, माननीय श्री धर्मेंद्र प्रधान ने देश के लिए समर्पित किया. कंपनी, दक्षिण अंचल में पॉलीप्रॉपीलीन बाजार में अपनी पॉलीप्रॉपीलीन आपूर्तियों में उत्कृष्ट बिक्री निष्पादन दर्शाते हुए अपने आपको एक प्रबल खिलाड़ी के रूप में सिद्ध करने में कामयाब हुई.

भारत में, उपभोग के बलबूते पर सुदृढ आर्थिक वृद्धि नजर आई और अर्थव्यवस्था के विस्तार के अनुरूप, ऊर्जा की देशी मांग में भी इज़ाफ़ा होने की उम्मीद की जा रही है. एमआरपीएल ने ऐसी वृद्धिपरक प्रवृत्तियों के साथ अपने आपको संरेखित किया है और बुनियादी सुविधाओं का निर्माण करने के लिए विभिन्न परियोजनाएं शुरु करने पर विचार किया है जिससे कि संभार का मूल्य वर्धन हो और लाभप्रदता में सुधार हो. विभिन्न योजनाओं के ब्यौरे, बोर्ड की रिपोर्ट में पेश किए गए है. आपको यह जाहिर करने में मुझे प्रसन्नता है कि कर्नाटक सरकार ने आपके कंपनी की आने वाली परियोजनाओं के लिए मौजूदा रिफाइनरी के बगल में 1050 एकड़ की भूमि आबंटित की है.

एमआरपीएल, समग्र मात्रा में भारत-IV ग्रेड के डीज़ल और पेट्रोल की, देशी बाजार में आपूर्ति करता रहा है. ईंधन की गुणवत्ता सुधारने से हम पर्यावरण में सुधार कर सकेंगे और प्रदूषण कम कर सकेंगे. आपकी कंपनी ने, सरकार के निदेशों के अनुरूप, 2020 तक

BS VI ग्रेड के ईंधन का उत्पादन करने की दृष्टि से उन्नयन परियोजनाओं को लागू करने के लिए योजनाएं बनाई हैं.

एमआरपीएल ने ओएनजीसी मंगलूर पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (OMPL) के अधिकतर शेयर खरीदे थे और एमआरपीएल के साथ ओएमपीएल का संपूर्ण विलयन करने की प्रक्रिया चल रही है. आपकी कंपनी की सहयोगी कंपनी, ओएमपीएल ने वित्तीय वर्ष के दौरान कुल मिलाकर ₹4188.87 करोड़ का कारोबार किया. आपकी कंपनी के साथ ओएमपीएल के विलयन से, विश्व दर्जे का एकीकृत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स बनेगा.

आपकी कंपनी ने अपने आपको, एक बहुमूल्य एवं जिम्मेदार कार्पोरेट नागरिक के रूप में सिद्ध कर दिखाया है और आपकी कंपनी, अपने विभिन्न निगमित सामाजिक दायित्व / संधारणीय विकास संबंधी पहल के जरिए समाज और समुदाय की समावेशी वृद्धि के लिए पहले की भांति प्रतिबद्ध है. हम, भूख और कुपोषण मिटाने, शिक्षा, कला और संस्कृति को बढ़ावा देने, सेहत का ख्याल रखने, निराश्रितों की देखभाल करने, पर्यावरण की संधारणीयता, विपत्ति में सहायता करने के लिए बनाई गईं योजनाओं और ग्रामीण विकास परियोजनाओं का समर्थन करने के प्रति प्रतिबद्ध रहे हैं.

भारत सरकार के स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत, कर्नाटक राज्य में एमआरपीएल ने 31 सरकारी और सरकार से सहायता प्राप्त स्कूलों में ₹1.85 करोड़ की लागत पर 54 शौचालयों का निर्माण करने का काम हाथ में लिया है. एमआरपीएल ने रामकृष्ण मठ, मंगलूरु के साथ मिलकर ₹14 लाख की वित्तीय सहायता के साथ 40 सप्ताह तक चली उनकी " स्वच्छ मंगलूरु " अभियान परियोजना में भाग लिया. एमआरपीएल ने कर्मचारियों, आश्रितों और एमआरपीएल डीपीएस छात्रों के साथ मिलकर रिफाइनरी के इर्द-गिर्द कई बार सफाई गतिविधि चलाईं.

प्रबंधन के हर एक स्तर पर संरक्षा पर सर्वाधिक ध्यान दिया जाता है और आपकी कंपनी में आज भी इसके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है. एमआरपीएल, अपने कर्मचारियों और ठेकेदारों को सुरक्षित कार्य स्थान मुहैया कराने में हमेशा प्रतिबद्ध रहा है ताकि रिफाइनरी की परिधि में बसे समुदाय की हिफ़ाजत की जा सके और पर्यावरण का संरक्षण किया जा सके.

हरित एवं कम कार्बन युक्त वृद्धि पर उचित बल देने के साथ-साथ ऊर्जा की बचत करने, उत्सर्जन घटाने, साफ़ ऊर्जा विकास संबंधी परियोजनाएं चलाने के लिए प्रोत्साहन दिया जाता रहा है. कंपनी, अपने वैकल्पिक ऊर्जा अभियान के अंग के तौर पर सौर ऊर्जा का उत्पादन करना चाहती है जिससे उसकी पुन:उपयोग करने लायक ऊर्जा के प्रति प्रतिबद्धताओं की पूर्ति करने में भी मदद मिलेगी.

हम, संधारणीय विकास के लिए संभावित हाइड्रोकार्बन मूल्य चेन में इष्टतम मार्ग का बेहतर ढंग से उपयोग करने की स्थिति में है. हम, निम्न मूल्य के हाइड्रोकार्बन जैसे पेट्रू-कोक, रिफाइनरी बहिर्गैस और आंतरिक ईंधन तेल से मूल्य निर्मित करने पर अधिक ध्यान दे रहे हैं. इन संभावनाओं का लाभ उठाने की कोशिश की जा रही है.

आपकी कंपनी की यह मान्यता है कि हिस्सेदारों की अपेक्षाओं की पूर्ति करने के लिए सबसे अधिक बहुमूल्य संसाधन है, मानव संसाधन. एमआरपीएल भाग्यशाली है कि उसे एक समर्पित टीम मिली है जो अपने काम को लेकर बहुत जज़्बाती है और कंपनी, यह सुनिश्चित करती है कि उनको काम करने का अच्छा माहौल देने के साथ-साथ कर्मचारी के कल्याण एवं कर्मचारी के साथ हार्दिक संबंध बहाल करने की तरफ पहल करते हुए उनका पहले की भांति पालन-पोषण किया जाता है. वर्ष के दौरान 100 मध्य एवं वरिष्ठ स्तर के कार्यपालकों को प्रशिक्षित करने की खातिर आईआईएम उदयपुर के साथ मिलकर " परियोजना उत्तिष्ट " नामक एक उन्नत रणनीतिक नेतृत्व कार्यक्रम (एएसएलपी) चलाया गया.

मुझे पक्का विश्वास है कि आगे चलकर एमआरपीएल, अपने हिस्सेदारों की मदद से चुनौतियों का सामना कर सकेगा, हिस्सेदारों, समाज और हमारे देश के लिए संधारित मूल्य निर्मित करने की दृष्टि से अधिक ताकत के साथ आगे बढ़ेगा.

मैं, निदेशक मंडल, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार, कर्नाटक सरकार को, उनके सतत मार्गदर्शन के लिए अपना आभार प्रकट करना चाहता हूँ. मैं, अपने तमाम कर्मचारियों और हिस्सेदारों का भी, जिनका समर्थन, सहयोग, विश्वास और भरोसा लगातार मिलता रहा है, शुक्रगुज़ार हूँ.

(डी.के. सर्राफ़)
अध्यक्ष

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 03/08/2016

रिफाइनरी का एक दृश्य

महामहिम, भारत के राष्ट्रपति से " निर्यात श्री " पुरस्कार प्राप्त करते हुए श्री एच. कुमार, प्रबंध निदेशक (एमआरपीएल).

विश्व पर्यावरण दिवस - हरित पट्टी का निर्माण – वृक्षारोपण करती हुई टीम एमआरपीएल.

स्थानीय पंचायत नेताओं की उपस्थिति में वृक्षारोपण समारोह.

लेडी गोशेन अस्पताल, मंगलूर - एमआरपीएल के" आरोग्य संरक्षण " के तहत 5 मंज़िला ब्लॉक, नि.सा.उ. पहल का निर्माण कार्य प्रगति पर है.

हिन्दी कार्यान्वयन के क्षेत्र में असाधारण निष्पादन के लिए प्रथम पुरस्कार (टॉलिक) पाते हुए टीम एमआरपीएल

एमआरपीएल की सीएसआर पहल " स्वच्छ विद्यालय अभियान " के तहत स्कूलों में शौचालय का निर्माण.

मंडल की रिपोर्ट

प्रिय सदस्यों,

आपकी कंपनी के निदेशक मंडल की तरफ से, मार्च, 2016 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान आपकी कंपनी के वैशिष्ट्य, कामकाज और कार्यकलापों को आपके साथ बांटने और उनकी रिपोर्ट पेश करने एवं मंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) के व्यवसाय एवं प्रचालन के बारे में तथा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट एवं भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक (सी एण्ड एजी) की लेखों पर टिप्पणियों समेत उसके लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण पर 28वीं वार्षिक रिपोर्ट पेश करने में मुझे खुशी हो रही है. आपको यह जानकर बड़ी खुशी होगी कि आपकी कंपनी ने वर्ष के दौरान चरण-III रिफाइनरी विस्तार परियोजना के अंतर्गत तमाम यूनिटें चालू कीं और अब तक का सर्वाधिक 15.53 MMT का थ्रूपुट हासिल किया.

वित्तीय निष्पादन

31.03.2016 को समाप्त वर्ष के स्वतंत्र / समेकित वित्तीय निष्पादन के वैशिष्ट्य का सारांश यहां नीचे दिया गया है:

(₹ करोड़ों में)

	स्वतंत्र		समेकित	
	31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष	31 मार्च, 2015 को समाप्त वर्ष
कुल कारोबार (कुल)	50864	62412	50983	62341
ब्याज उपरांत परंतु मूल्यह्रास और परिशोधन पूर्व अर्जन (EBIDTA)	2464	(1250)	2386	(1325)
कर पूर्व लाभ/(हानि)	1174	(2156)	306	(2295)
कर, अल्प हिताधिकार ब्याज और सहयोगी कंपनियों का लाभ/(हानि) बांटने के बाद लाभ(हानि)	1148	(1712)	710	(1803)

आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान कुल मिलाकर ₹ 50864 करोड़ का कारोबार किया जब कि वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान ₹62412 करोड़ का कुल कारोबार किया था. बिक्री में अवनति, ख़ासकर घटती रही क्रूड की कीमत से जुड़ी उत्पाद की कीमतों में गिरावट और साथ ही देशी छोर पर अधिक खरीदारी के कारण हुई. कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान उठाई गई ₹(1712) करोड़ की हानि की तुलना में वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान ₹1148 करोड़ का कर उपरांत लाभ अर्जित किया. कुल परिष्करण मार्जिन (GRM), वित्तीय वर्ष 2014-15 के (0.64) $/bbl के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2015-16 दौरान 5.20$/bbl रहा. आपकी कंपनी ने वित्व 2015-16 के दौरान अपनी सर्वाधिक कार्पोरेट रेटिंग "[CCR AAA]" हासिल की जिसकी CRISIL ने पुष्टि की जब कि ICRA ने IrAAA दर्जा देने की पुष्टि की है.

परिचालनगत निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2015-16, आपकी कंपनी के लिए बेहद कामयाब वर्ष साबित हुआ. कंपनी की रिफाइनरी ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के 14.63 MMT की तुलना में वर्ष के दौरान 15.53 MMT का क्रूड प्रोसेस किया जिसके बलबूते पर 103.5% की औसत उपयोगिता दर हासिल की गई. वर्ष के दौरान, कंपनी ने, एमबीपीएल पाइपलाइन में एलपीजी, डीज़ल, कोक और थ्रूपुट में अब तक का सर्वाधिक उत्पादन और प्रेषण किया.

कंपनी ने, 2014-15 के 820 TMT के मुकाबले 1470 TMT की प्रत्यक्ष बिक्री और 2014-15 के 2.53 TMT की तुलना में 4.8 TMT की खुदरा बिक्री हासिल की.

विपणन और कारोबार विकास

आपकी कंपनी, 9 महीने की अल्प अवधि में कुल मिलाकर 139 TMT की बिक्री और ₹1039 करोड़ के बिक्री मूल्य के साथ पॉलीप्रॉपीलीन बाजार में सफलता से घुस पाई. कंपनी, प्रति वर्ष 440 TMT पॉलीप्रॉपीलीन बेचने की दृष्टि से अपने बाजार के दायरे बढ़ाने की प्रक्रिया में है. इसके अलावा, आपकी कंपनी, पॉलीप्रॉपीलीन के लिए अपनी खुद की संग्रहण सुविधाएँ भी स्थापित करने जा रही है. अधिक फायदेमंद पॉलीप्रॉपीलीन की प्रभावन क्षमता का उपयोग करने और एमआरपीएल को एक आला दर्जे के बाजार खिलाड़ी के रूप में दर्जा दिलाने के लिए, ग्राहकों को नामांकित करने के साथ-साथ विभिन्न ग्रेड के पॉलीप्रॉपीलीन का व्यापक कीमत निर्धारण किया जा रहा है. भारत के दक्षिण एवं पश्चिम भाग में अधिक मांग की पूर्ति करने में हमारा साथ देने की खातिर आश्वासी एजेंट-सह-परेषण स्टॉकिस्ट को नियुक्त किया गया है.

आपकी कंपनी ने, पेट्र कोक के समग्र उत्पादन को लगातार बेचने में भी कामयाबी हासिल की है. कंपनी, देशी एवं निर्यात बाजार में अतिरिक्त मात्रा में गंधक बेचने में समर्थ रही. कंपनी ने बड़े औद्योगिक घरानों के साथ सुलह करते हुए पेट्र कोक और गंधक को थोक में बेचने में ख़ास उपलब्धि हासिल की जिसके चलते डीलेड कोकर यूनिट को इससे पहले 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत क्षमता उपयोग पर चलाने में मदद मिली है. इससे विशिष्ट बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और रिफाइनरी मार्जिन में सुधार हुआ है.

आपकी कंपनी, कर्नाटक और उसके आस-पास के राज्यों में पेट्रोलियम उत्पादों के प्रत्यक्ष बिक्री खंड में अपने बाजार का दायरा बढ़ाती रही और कंपनी ने अपने रिफाइनरी ज़ोन में बिटुमिन, ईंधन तेल, गंधक, डीज़ल, नैफ़्ता, पेट्र कोक और मिश्रित ज़ाइलीन जैसे उत्पादों के लिए उल्लेखनीय बाजार अंश और प्रत्यक्ष ग्राहक संबंध बरकरार रखा.

आपकी कंपनी ने एमआरपीएल के साथ लंबे समय से आपूर्ति ठेके से जुड़े रहे स्टेट ट्रेडिंग कार्पोरेशन, मॉरिशस को वक्त पर आपूर्ति भी बरकरार रखी. कंपनी ने एसटीसी मॉरिशस को विव 2015-16 के दौरान ₹2774 करोड़ के बिक्री मूल्य के 1067 TMT पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति की जब कि विव 2014-15 के दौरान ₹4394 करोड़ के बिक्री मूल्य के 1084 TMT पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति की गई थी.

HSD कीमत निर्धारण का विनियमन होने के बाद, आपकी कंपनी ने कर्नाटक और केरल राज्यों में खुदरा केंद्रों के लिए डीलरों की नियुक्ति करने के विज्ञापन प्रसारित करते हुए अपने खुदरा विस्तार योजना की शुरुआत की. कंपनी की उम्मीद है कि विव 2016-17 के दौरान काफ़ी बड़ी संख्या में खुदरा केंद्र चालू किए जाएंगे.

मान्यताएँ

वर्ष के दौरान, कंपनी को नीचे उल्लिखित पुरस्कारों और मान्यताओं से नवाज़ा गया :

- फेडरेशन ऑफ इम्पोर्ट एक्सपोर्ट ऑर्गनाइज़ेशन (FIEO) ने गैर MSME श्रेणी के लिए अवशिष्ट क्षेत्र में ' निर्यात श्री ' स्वर्ण ट्रोफी प्रदान की. एमआरपीएल के प्रबंध निदेशक ने, 04 मई, 2016 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में भारत के माननीय राष्ट्रपति के कर कमलों से यह पुरस्कार प्राप्त किया.

- फेडरेशन ऑफ कर्नाटका चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री से निर्यात में उत्कृष्ट निष्पादन के लिए (मध्यम/बड़ी श्रेणी) " निर्यात उत्कृष्टता पुरस्कार, 2015 ".
- ' अब तक का सर्वाधिक केंद्रीय उत्पाद शुल्क दाता और वृद्धिशील तरक्की ' को मान्यता देते हुए एक प्रमाणपत्र दिया गया.
- टॉलिक, मंगलूर द्वारा लगातार पांचवें वर्ष, वर्ष 2015-16 के लिए हिन्दी कार्यान्वयन के क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन करने की ख़ातिर प्रथम पुरस्कार.

परियोजनाएं

चरण-III की प्रमुख यूनिटें जैसे डीलेड कोकर यूनिट, पेट्रोकेमिकल श्रेणी की तरलीकृत उत्प्रेरकी भंजन यूनिट (PFCCU), डीज़ल जलोपचारक यूनिट और नवीनतम पॉलीप्रॉपीलीन यूनिट, सफलता से चालू करने के बाद एमआरपीएल ने अपने उत्पादों की श्रेणी में पेट्रू कोक, अल्ट्रा-लो गंधक युक्त डीज़ल और पॉलीप्रॉपीलीन जैसे उत्पाद जोड़ दिए हैं. एमआरपीएल, बाजार का आधार बढ़ाने के लिए वैल्यू पार्टनर्स और संधारणीय वृद्धि के लिए साझेदार बनाने वाला है. एमआरपीएल ने BS VI विनिर्देश की पूर्ति करने की खातिर MS और HSD की गुणवत्ता का दर्जा बढ़ाने के लिए कार्रवाई शुरु कर दी है जो अप्रैल 2020 से प्रभावी होगी. आगे वृद्धिशील इष्टतमीकरण की दिशा में जैसे संस्फुरण गैस रिकवरी, ऊर्जा इष्टतमीकरण संबंधी गतिविधियां भी चलाई जा रही हैं.

अ. संपन्न की गईं परियोजनाएं

चरण III रिफाइनरी परियोजना

चरण III रिफाइनरी क्षमता विस्तार और उन्नयन परियोजना की तमाम यूनिटें तथा अगस्त 2014 में चालू की गई अंतिम यूनिट, PFCCU आज पूर्ण क्षमता के साथ काम कर रही हैं. नतीजतन, HSD और पेट्रोल का यूरो 4 ग्रेड में पूर्ण रूप से रूपांतरण करना संभव हुआ है, निम्न मूल्य के काले पेट्रोलियम से प्रॉपीलीन, गैसोलीन जैसे अधिक मूल्य के उत्पादों के साथ आसुत के उत्पादन में वृद्धि हुई है. आपकी कंपनी ने, चरण-III रिफाइनरी परियोजना पर यथा 31.03.2016 कुल मिलाकर करीब ₹13265 करोड़ खर्च किया है.

पॉलीप्रॉपीलीन परियोजना (PP)

440 KTPA की क्षमता वाली पॉलीप्रॉपीलीन यूनिट को (प्रौद्योगिकी के लाइसेंसदाता हैं, मेसर्स लुम्मुस नोवोलीन टेक्नालॉजी GmbH, जर्मनी) को, चरण-III रिफाइनरी परियोजना के साथ एकीकरण करते हुए 17/06/2015 को सफलता से चालू किया गया. वाणिज्यिक उत्पादन शुरु हो चुका है जिसे माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री, श्री धर्मेंद्र प्रधान ने देश को समर्पित किया. आपकी कंपनी ने, पॉलीप्रॉपीलीन परियोजना पर यथा 31.03.2016 कुल मिलाकर करीब ₹1611 करोड़ खर्च गया है. यूनिट में उत्पादित विभिन्न ग्रेड के पॉलीप्रॉपीलीन को बाजार में अच्छी तरह से स्वीकार किया गया है और इसके लिए दक्षिण अंचल में थोड़ी सी अवधि में ही पर्याप्त बाजार अंश हासिल हुआ है.

आ. चलती रहीं परियोजनाएँ

बेहतर संभार, मूल्य वर्धन और लाभप्रदता में सुधार करने की खातिर नीचे उल्लिखित नई परियोजनाएँ हाथ में ली जा रहीं हैं :

(क) रेलवे साइडिंग - पेट्रू कोक और पॉलीप्रॉपीलीन को आसानी से खाली करने के लिए अत्याधुनिक रेलवे साइडिंग.

(ख) मौजूदा CCR-2 यूनिट का पुनर्योजन किया जा रहा है जिससे कि अधिक मात्रा में MS का उत्पादन करने वाले रीफॉर्मेट का अधिक प्रमाण में उत्पादन किया जा सके.

(ग) लदान सुविधाओं का स्थान बदलना और अतिरिक्त टैंक क्षमता - इस परियोजना से आपकी कंपनी को अधिक लचीलापन मिलेगा और अधिक बाजारों तक पहुंच प्राप्त करने में मदद मिलेगी.

(घ) संस्फुरण गैस रिकवरी तंत्र - इस परियोजना में संस्फुरण में लुप्त हुए गैस को रिकवर करने के बाद उसका ईंधन के रूप में इस्तेमाल किया जाता है जिससे लागत में बचत होती है. इससे आपकी कंपनी की कार्बन के पद-छाप को घटाने में मदद मिलेगी जिसके चलते ग्रीन हाऊस गैस उत्सर्जन भी कम होगा.

(ङ) विपणन के लिए अतिरिक्त पेट्रू कोक सिलोस - इस सुविधा के सहारे आपकी कंपनी को, पेट्रू कोक बेचने में अधिक लचीलापन मिलेगा और सकेंद्रित लोडिंग का वातावरण पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी.

स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण संबंधी निष्पादन

आपकी कंपनी, पर्यावरण में उत्कृष्टता का सर्वाधिक मानक हासिल करने की दिशा में पर्यावरण के अनुकूल प्रचालन सुनिश्चित करने के प्रति प्रतिबद्ध है. एमआरपीएल, पर्यावरण की प्रभावन क्षमता का उपयोग करता रहा है और अपनी व्यावसायिक नीतियों और रणनीतिपरक योजनाओं के अंग के रूप में संधारणीय विकास करता रहा है. इस छोर पर 2015-16 में नीचे उल्लिखित प्रमुख कार्रवाई की गईं:

- तेल उद्योग सुरक्षा निदेशालय (OISD) ने तेल छलकाव प्रबंधन को लेकर नव मंगलूर बंदरगाह पर जेट्टियों का लेखा परीक्षण किया.
- जून, 2015 के महीने में, चरण-III यूनिटों के SOx और NOx स्टैक ऑनलाइन अनलाइज़र के आंकड़ें, CPCB सर्वर के साथ जोड़े गए.
- वक्त-वक्त पर स्टैक पर MoEF/KSPCB द्वारा अनुमोदित बाह्य एजेंसी, प्रत्यक्ष रूप से निगरानी रख रही है.
- राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी मानक के अनुसार रिफाइनरी के अंदर और उसके इर्द-गिर्द 9 स्थानों पर MoEF/KSPCB द्वारा अनुमोदित बाह्य एजेंसी, परिवेशी वायु की गुणवत्ता पर निगरानी रख रही है.
- आस-पास के गांवों में कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहयोग से वक्त-वक्त पर पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं.
- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के निर्देशों के अनुरूप विभिन्न मापदंडों के आधार पर उपचारित बहिस्राव पर निगरानी रखने की दृष्टि से लगातार ऑनलाइन निगरानी रखने वाले अनलाइज़र्स स्थापित किए जा रहे हैं.
- रिफाइनरी की तरफ से और APMC यार्ड, दोनों में दैनिक आधार पर उपचारित बहिस्राव पर निगरानी रखी जाती है. मेसर्स सेंट्रल फिशरीस रीसर्च इंस्टिट्यूट, मंगलूर के जरिए समुद्र पर उपचारित बहिस्राव निपटान बिंदु और तटवर्ती इलाके में 3 केंद्रों के सामीप्य में स्थापित 7 निगरानी केंद्रों से पखवाड़े में एक बार समुद्री पर्यावरण प्रभाव निर्धारण अध्ययन किया गया. अब तक समुद्री पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नज़र नहीं आया है.
- रिफाइनरी के इर्द गिर्द दस भू-जल निगरानी केंद्र खोले गए हैं और कर्नाटक राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल (KSPCB) के साथ मिलकर भू-जल की गुणवत्ता पर नियमित रूप से निगरानी रखी जा रही है.
- रिफाइनरी के फर्नेसों और बॉइलरों में कम गंधक युक्त ईंधन तेल का उपयोग किया जा रहा है. रिफाइनरी प्रक्रिया यूनिटों में उत्पन्न बहुत ही कम गंधक युक्त ईंधन गैस का भी अधिकतम उपयोग किया जा रहा है.
- गंधक रिकवरी यूनिटों (SRU) का, 99% से अधिक दक्षता से प्रचालन किया जाता है.
- राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान (NIO) ने वार्षिक सबमेरीन पाइपलाइन निरीक्षण भी किया.
- TUV हींनलैंड ने पर्यावरण प्रबंधन तंत्रों के लिए रिफाइनरी को, ISO 14001: 2004 का प्रमाणीकरण दिया.

- यथा 31/03/2016, घायल होने पर समय नष्ट हुए बगैर 1531 दिनों तक काम किया गया.
- घायल होने के कारण नष्ट हुए समय के बारे में कोई खबर नहीं मिली (RLTI).
- यथा 31/03/2016, 16.81 दशलक्ष श्रम घंटे तक काम किया गया.

निगमित सामाजिक दायित्व और संधारणीय विकास

निगमित सामाजिक दायित्व (CSR)

आपकी कंपनी द्वारा सामाजिक कल्याण और सामुदायिक विकास की तरफ पहले करते समय शिक्षा के महत्वपूर्ण क्षेत्रों, स्वास्थ्य की देखभाल और प्रचालन क्षेत्रों के इर्द-गिर्द बुनियादी सुविधाओं का समग्र विकास करने पर ख़ासा ध्यान दिया जाता है. ये परियोजनाएं, काफ़ी हद तक, कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII के अनुसार हैं.

आपकी कंपनी ने वर्ष 2015-16 के दौरान विभिन्न सीएसआर गतिविधियों के लिए ₹4.11 करोड़ (पिछले वर्ष ₹4.81 करोड़) खर्च किए. कंपनी (निगमित सामाजिक दायित्व संबंधी नीति) नियम, 2014 के नियम 9 का अनुसरण करते हुए, सीएसआर गतिविधियों से संबंधित वार्षिक रिपोर्ट, **अनुबंध ' क '** के रूप में संलग्न की गई है.

संधारणीय विकास और निष्पादन

संधारणीयता हासिल करने की दिशा में प्रयास करने के तौर पर आपकी कंपनी ने पिछले वर्ष जटिल परियोजनाएं और प्रचालन संभालते हुए कार्बन की पद-छाप कम करने और जोखिम मिटाने एवं अवसरों का फायदा उठाने तथा बाह्य ठेके पर काम कराने की दिशा में कार्य योजनाएं बनाने पर ख़ासा ध्यान दिया. कंपनी ने, कारोबार आचरण के बारे में आपूर्तिकर्ताओं की अपेक्षाओं को परिभाषित करने और अपनी आपूर्ति चेन में संबंधित जोखिम मिटाने पर अधिक ध्यान देने की दिशा में भी प्रगति की. कंपनी, अपने प्रचालन में ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन कम करने और अपने कारोबार की योजना में मौसम बदलने से जुड़ी गतिविधियों और लक्ष्यों का एकीकरण करने की तरफ काम करती रही है. इस योजना में, संधारणीय विकास को हमारे कारोबार प्रचालन के साथ एकीकृत करने के बारे में मार्गदर्शन भी दिए गए हैं. आपकी कंपनी ने, योजना का मक़सद पूरा करने के लिए प्राथमिकता क्षेत्रों को निर्धारित करने के साथ-साथ अल्पावधि एवं दीर्घावधि कार्य योजना तय की है. पहचाने गए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में शामिल हैं:

- हाइड्रोकार्बन मूल्य चेन का इष्टतमीकरण
- ऊर्जा की खपत का इष्टतमीकरण
- जल एवं अपशिष्ट प्रबंधन
- ग्राहक विकास और वृद्धि की साझेदारी

उक्त चारों क्षेत्रों के लिए विकसित कार्य योजनाओं का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट एनेब्लर्स को भी पहचाना गया है.

आपकी कंपनी, संधारणीय विकास के लिए संभावित हाइड्रोकार्बन मूल्य चेन का इष्टतमीकरण करने की राह पर अपनी स्थिति मजबूत कर रही है. पेट्र कोक, रिफाइनरी बहिर्गैस और आंतरिक ईंधन तेल जैसे निम्न मूल्य के हाइड्रोकार्बन से मूल्य वसूल करने पर सबसे ज्यादा बल दिया जाता है. शेयर धारकों का मूल्य बढ़ाने की खातिर इन संभावनाओं का लाभ उठाने की कोशिश की जा रही है.

आपकी कंपनी, उपयोगिता बॉइलरों को प्रज्वलित करने की दृष्टि से पेट्र कोक का उपयोग करने के लिए अन्य संधारणीय विकल्पों की खोजबीन भी कर रही है जिससे कि संबद्ध प्रदूषक-गंधक अणु हासिल करने के साथ-साथ विद्युत उत्पादन के लिए भाप का उत्पादन किया जा सके. उम्मीद की जा रही है कि इससे न केवल सस्ते दाम पर विद्युत उत्पादन होगा बल्कि इस उत्पाद को रिफाइनरी कॉंप्लेक्स से वक्त पर बाहर निकालना भी संभव होगा. इसका एक और फायदा यह है कि इससे आंतरिक ईंधन तेल की खपत कम होगी जिसे इस समय बॉइलरों को प्रज्वलित करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है ताकि डीलेड कोकिंग मार्ग से पॉलीप्रॉपीलीन, डीज़ल, आदि जैसे विभिन्न हल्के अणुओं में उन्नयन किया जा सके. प्रौद्योगिकी के संभावित आपूर्तिकर्ताओं के समर्थन से परियोजना का आंतरिक व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है.

आपकी कंपनी, कम मूल्य के PFCC बहिर्गैस से मूल्यवान एथिलीन हासिल कर उसे अनुप्रवाह के पेट्रोकेमिकल कॉंप्लेक्स में उपलब्ध कराने की संभावनाओं की तलाश भी कर रही है. साथ ही इस तरह से हासिल किए गए एथिलीन का प्रॉपीलीन के साथ सह-मोनोमर के रूप में उपयोग किया जा सकेगा जिससे कि बाजार का मूल्य बढ़ाने के लिए पॉलीप्रॉपीलीन के हेटिरो-पॉलिमर्स का उत्पादन किया जा सके. अनुप्रवाह के पेट्रोकेमिकल कॉंप्लेक्स और एथिलीन रिकवरी प्रौद्योगिकी के आपूर्तिकर्ताओं से जानकारी हासिल कर लाभप्रदता संबंधी आकलन में संभावित वृद्धि के साथ आंतरिक व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है.

चरण-III के रिफाइनरी कॉंप्लेक्स की कैप्टिव पावर संयंत्र की सुविधाएं और कुछ प्रोसेस हीटर, ईंधन के रूप में प्राकृतिक गैस जलाने के लिए बनाए गए हैं. चरण-III हाइड्रोजन उत्पादन यूनिट भी, वैकल्पिक फ़ीडस्टॉक के रूप में प्राकृतिक गैस की खपत करने के लिए बनाई गई है. गैस के विभिन्न आपूर्तिकर्ता, मंगलूर में प्राकृतिक गैस लाने के लिए ज़रूरी बुनियादी सुविधाओं का निर्धारण कर रहे हैं. अर्थशास्त्र के दायरे में, प्राकृतिक गैस का उपयोग करने से न केवल SOx का उत्सर्जन कम होगा बल्कि कम मूल्य के आंतरिक ईंधन तेल का अधिक मूल्य वाले हाइड्रोकार्बन में परिवर्तन करने के मार्ग भी खुल जाएंगे.

सहयोगी / संयुक्त उद्यमों का निष्पादन

कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम (5) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129(3) का अनुसरण करते हुए, सहयोगी और संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरण के वैशिष्ट्य, फार्म एओसी-1 में **अनुबंध 'ख'** के रूप में संलग्न किए गए हैं जो इस रिपोर्ट का एक ही एक भाग है.

सहयोगी कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट एवं समेकित वित्तीय विवरण

कंपनी और उसकी सहयोगी कंपनियों के 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के लेखा परीक्षित समेकित विवरण, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 और " सहयोगी कंपनियों में निवेश के लिए लेखाकरण के बारे में AS-23 और संयुक्त उद्यमों में हितों की वित्तीय रिपोर्टिंग के बारे में AS-27 के साथ पठित " समेकित वित्तीय विवरणों " के बारे में लेखा मानक (AS-)-21 के अनुसार वार्षिक रिपोर्ट के ही एक भाग हैं. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 136 के अनुसार, समेकित वित्तीय विवरणों और कंपनी की संबंधित जानकारी और सहयोगी कंपनी के लेखा परीक्षित लेखे सहित लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण, कंपनी के वेबसाइट पर उपलब्ध हैं. ये दस्तावेज भी, मंगलूर में कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में कारोबार समय के दौरान निरीक्षण के लिए उपलब्ध होंगे.

सहयोगी कंपनी

ओएनजीसी मंगलूर पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (OMPL), एकमात्र सहायक कंपनी है. आपकी कंपनी के OMPL में पहले की भांति 51% इक्विटी शेयर हैं जब कि ONGC के 49% इक्विटी शेयर हैं.

ओएमपीएल ने मंगलूर के विशेष आर्थिक ज़ोन में 914 KTPA पैरा-ज़ाइलीन और 283 KTPA बेंज़ीन की वार्षिक क्षमता के साथ ऐरोमैटिक कांप्लेक्स की स्थापना की है. वर्ष के दौरान 0.56 MMT पैरा-ज़ाइलीन और 0.17 MMT बेंज़ीन का निर्यात किया गया और वित्त 2015-16 में ₹4,188.87 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया गया. कंपनी ने ₹875.35 करोड़ की हानि, ख़ासकर ब्याज, मूल्यह्रास और निम्न क्षमता के उपयोग के कारण उठाई. आपकी कंपनी के साथ OMPL का आमेलन करने की योजना, कंपनी कार्य मंत्रालय के पास पेश की गई है जो प्रक्रियाधीन है.

आपकी कंपनी ने मटीरियल सब्सिडीयरी का निर्धारण करने संबंधी नीति अपनाई जो कंपनी के वेबसाइट पर उपलब्ध है.

संयुक्त उद्यम

कंपनी के दो संयुक्त उद्यम हैं जैसे शेल्ल बी.वी. नेदरलैंड्स के साथ शेल्ल एमआरपीएल एविएशन फ्यूएल्स एण्ड सर्विसेस लिमिटेड (SMAFSL), जहां आपकी कंपनी की शेयर पूँजी 50% और खाड़ी तेल के साथ मंगलम् रीटेल सर्विसेस लिमिटेड (MRSL), जो एक हिंदूजा समूह की कंपनी है जिसमें आपकी कंपनी की शेयर पूँजी 49.98% है. संयुक्त उद्यम वाली कंपनियों के खातों का एमआरपीएल के खातों के साथ समेकन किया गया है.

शेल्ल एमआरपीएल एविएशन फ्यूएल्स एण्ड सर्विसेस लिमिटेड (SMAFSL)

शेल्ल एमआरपीएल एविएशन फ्यूएल्स एण्ड सर्विसेस लिमिटेड (SMAFSL), भारत के कई हवाई अड्डों पर देशी और अंतर्राष्ट्रीय एअरलाइनों, दोनों के लिए एविएशन टर्बाईन ईंधन (ATF) की आपूर्ति करती है. ₹ 4.72 करोड़ के कर पूर्व लाभ (पिछले वर्ष ₹10.69 करोड़) और ₹ 3.82 करोड़ के कर उपरांत लाभ (पिछले वर्ष ₹7.74 करोड़) के साथ वित्त 2015-16 के लिए राजस्व ₹324 करोड़ (पिछले वर्ष ₹636 करोड़) रहा. कंपनी ने 2015-16 के दौरान चेन्नई में अपना प्रचालन शुरु किया. कंपनी इस समय 10 हवाई अड्डों पर मौजूद है और मुंबई, कोलकाता एवं दिल्ली के तीन हवाई अड्डों के लिए HPCL के साथ सुकरण मॉडेल के लिए करार किया. कंपनी ने वित्त 2015-16 के दौरान एमआरपीएल को ₹0.75 करोड़ का लाभांश अदा किया गया है. मेसर्स ICRA ने ₹50 दशलक्ष की निधियेतर कार्यकारी पूंजीगत सीमाओं के लिए " A1+ दर्जा देने की दोबारा पुष्टि की है जो सर्वाधिक साख की गुणवत्ता दर्शाता है.

मंगलम् रीटेल सर्विसेस लिमिटेड(MRSL)

मंगलम् रीटेल सर्विसेस लिमिटेड (MRSL), खाड़ी तेल के साथ एक संयुक्त उद्यमवाली (JV), हिंदूजा समूह की कंपनी है जो एमआरपीएल की खुदरा योजना को बढ़ावा देती है. इस कंपनी में एमआरपीएल के 49.98% शेयर हैं. किसी व्यवहार्य कारोबार योजना के अभाव में, JV जारी रखने की बात पर विचार किया जा रहा है. JV ने कोई व्यावसायिक गतिविधियां शुरु नहीं की है. इसलिए वित्त 2015-16 के दौरान कारोबार संबंधी कोई लेन-देन नहीं किया गया. समेकन के प्रयोजन से JV के लेखों की लेखा परीक्षा की गई.

भारतीय लेखा मानक (IND AS) – IFRS में अभिसरित मानक

वित्तीय विवरण, सामान्यत: स्वीकृत लेखा सिद्धांतों (GAAP) के अनुसार और सभी लागू लेखा मानकों के अनुसार तैयार किए गए हैं. आपकी कंपनी, उसकी सहयोगी एवं संयुक्त उद्यम वाली कंपनियों ने, कंपनी कार्य मंत्रालय द्वारा दिनांक 15 फरवरी, 2015 की अधिसूचना के जरिए अधिसूचित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 का अनुसरण करते हुए 1 अप्रैल, 2016 से Ind AS को अपनाया है.

आरक्षित निधि में अंतरण

वित्तीय वर्ष 2015-16 में सामान्य आरक्षित निधि में कोई रकम अंतरित नहीं की गई.

लाभांश

पिछले तीन वित्तीय वर्षों में अपर्याप्त लाभ के मद्दे नज़र, बोर्ड ने वित्त 2015-16 के लिए कोई लाभांश देने की सिफ़ारिश नहीं की.

जमाराशि

आपकी कंपनी ने, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 74 और उसके अधीन बनाए गए नियमों का अनुसरण करते हुए वर्ष के दौरान कोई जमाराशि स्वीकार नहीं की. आपकी कंपनी को कुछ ग्राहकों के अदत्त पड़े रहे अग्रिम लौटाने हैं और इसे लौटाने के लिए विभिन्न प्रकार के कदम उठाए जा रहे हैं.

ऋण, गारंटियों और निवेशों के विवरण

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 185 / 186 के प्रावधानों के तहत वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान कोई निवेश नहीं किए गए, ऋण नहीं दिए गए / गारंटियां अथवा जमानत नहीं दी गईं. कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 186 के प्रावधानों के तहत समाविष्ट पूर्व वर्षों में किए गए निवेशों के ब्यौरे, इस वार्षिक रिपोर्ट के वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों में दिए गए हैं

शेयर पूँजी

कंपनी ने वित्त 2015-16 के दौरान कोई शेयर निर्गमित नहीं किए. 31.03.2016 को आपकी कंपनी की निर्गमित, अभिदत्त और प्रदत्त इक्विटी शेयर पूँजी ₹1,753 करोड़ रही.

वित्तीय वर्ष के अंत में और रिपोर्ट तारीख के बीच वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रतिबद्धताएँ

वर्ष के दौरान कारोबार के स्वरूप में कोई परिवर्तन नहीं हुआ. वर्ष की समाप्ति के बाद और इस रिपोर्ट की तारीख तक, कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुए न कि कोई प्रतिबद्धताएं की गईं जो कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करें.

मानव संसाधन

आपकी कंपनी, अपने मानव संसाधनों की सर्वाधिक कद्र करती है. मनोबल बढ़ाने की दृष्टि से, आपकी कंपनी, कर्मचारियों और उनके परिजनों को कई कल्याण फायदे प्रदान करती है जैसे क्षतिपूरक चिकित्सा, शिक्षा, आवास और सामाजिक सुरक्षा. वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान, मासं संबंधी नीतियों में, इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लि. (IOCL) के अनुरूप संशोधन किया गया और उनको अधिसूचित किया गया. प्रबंधन और गैर प्रबंधन कर्मचारियों की पदोन्नति वक्त पर की गईं और दीर्घावधि समझौते (LTS) के अनुसार लंबित मुद्दों के साथ S1 ग्रेड का प्रवर्तन किया गया.

वर्ष 2015-16 के दौरान आपकी कंपनी का अपने सहयोगियों के साथ संबंध हार्दिक एवं सौजन्यपूर्ण रहा और इस दौरान किसी औद्योगिक उपद्रव के कारण एक भी श्रम घंटा गंवाया नहीं गया.

वर्ष के दौरान, आपकी कंपनी ने 6 महिला कर्मचारियों और अनुसूचित जाति (SC)/ अनुसूचित जनजाति (ST)के 13 कर्मचारियों समेत 116 कर्मचारियों की भर्ती की. 31/03/2016 को कुल कर्मचारियों की संख्या 1812 रही जिनमें 130 महिला कर्मचारी, 210 अ.जा./अ.ज.जा. के कर्मचारी और 26 शारीरिक दृष्टि से विकलांग कर्मचारी (पीडब्ल्यूडी) हैं. 816 कर्मचारी, प्रबंधन संवर्ग के हैं जब कि 996 कर्मचारी गैर-प्रबंधन संवर्ग के हैं. वर्ष 2015-16 के दौरान आपकी कंपनी ने प्रशिक्षण, विकास और शिक्षा के लिए कुल मिलाकर 3669 श्रम-दिवस लगाए जो प्रति कर्मचारी औसतन 2.16 श्रम-दिवस बनता है जिसमें समग्र कर्मचारियों के लिए कार्यात्मक, विकासात्मक और विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए गए.

कंपनी, एमआरपीएल कर्मचारी क्लब (MEC) नामक कर्मचारी क्लब चला रही है. इस क्लब में, कर्मचारियों और उनके आश्रितों के मनोरंजन के लिए बहुत सारी गतिविधियां चलाई जाती हैं. एमआरपीएल कर्मचारी क्लब (MEC) ने आंतरिक विभागीय क्रिकेट टूर्नमेंट भी आयोजित किया.

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों और विकलांग व्यक्तियों के लिए सेवाओं में आरक्षण देने के बारे में सार्वजनिक उद्यम विभाग, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण मंत्रालय द्वारा जारी राष्ट्रपति के निदेश और अन्य दिशानिर्देश. संधारणीय एवं प्रभावशाली अनुपालन करने के लिए पर्याप्त निगरानी तंत्र लागू किया गया है. सरकारी निदेशों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए संपर्क अधिकारी नियुक्त किए गए. निदेशों के अनुसार रोस्टर रखे गए हैं जिनका कंपनी के संपर्क अधिकारी एवं एमओपी एण्ड एनजी के संपर्क अधिकारी द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किया जाता है ताकि निदेशों का उचित अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके. अनुसूचित जाति और OBC कर्मचारियों की शिकायतों का निवारण करने के लिए अ.जा./अ.ज.जा. संबंधी विशेष आरक्षण कक्ष स्थापित किया गया है.

एमआरपीएल, नि:शक्त व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) को रोजगार के अवसर प्रदान करने से संबंधित नि:शक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 के अंतर्गत प्रावधानों का पालन भी करता है. यथा 31/03/2016 तक, 26 स्थाई नि:शक्त कर्मचारी एमआरपीएल में काम कर रहे थे.

महिलाओं का सशक्तीकरण

कंपनी के कार्यबल में महिला कर्मचारियों का अनुपात 6 प्रतिशत है. वर्ष के दौरान, लिंग सक्रियकरण पर कार्यक्रम सहित महिलाओं के सशक्तीकरण और विकास की खातिर कार्यक्रम चलाए गए. आपकी कंपनी में, कार्य स्थान पर महिला का यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिबंध और निवारण) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत आवश्यक एक आंतरिक शिकायत समिति (ICC) बनाई गई है. विव 2015-16 के दौरान समिति को किसी मामले की खबर नहीं दी गई.

राजभाषा

राष्ट्रीय संरक्षा दिवस, पर्यावरण दिवस, सुरक्षा जागरूकता सप्ताह और सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों लिए प्रतिस्पर्धाएँ, हिन्दी भाषा में भी आयोजित की गईं. कर्मचारियों में हिन्दी का प्रवर्धन करने की दृष्टि से, मंगलूर, मुंबई, दिल्ली और बेंगलूर कार्यालयों में हिन्दी कार्यशालाएँ, नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं. कंपनी में हिन्दी का प्रवर्धन करने के लिहाज से हिन्दी पखवाड़ा मनाया गया और हिन्दी पढ़ो, समझो एवं टिक करो, हिन्दी श्रुतलेख, हस्तलेख, प्रशासनिक शब्दावली, समाचार वाचन आदि जैसी बहुत सारी हिन्दी प्रतियोगिताओं का, सितंबर 2015 के महीने में कर्मचारियों, उनके बच्चों और परिवार के सदस्यों के लिए आयोजन किया गया. हिन्दी मास संबंधी समारोहों के दौरान मप्र और समप्र के लिए विशेष प्रश्नोत्तरी प्रतिस्पर्धा चलाई गई. आंतरिक विभागों और अधीनस्थ कार्यालयों का राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी निरीक्षण किया गया. कक्षा-X की हिन्दी परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त डीपीएस स्कूल, मंगलूर के चोटी के बारह छात्रों को विशेष पुरस्कार दिए गए.

वर्ष 2015-16 के लिए हिन्दी कार्यान्वयन के क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन करने की ख़ातिर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (टॉलिक), मंगलूर ने आपकी कंपनी को, पीएसयू केंद्र सरकार कार्यालय श्रेणी के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया.

रिफाइनरी में हिन्दी का प्रवर्धन करने की खातिर, "एमआरपीएल प्रतिबिंब" नामक एक गृह पत्रिका, हिन्दी में प्रकाशित की जा रही है. राजभाषा नियमों के अनुसार, प्रनि की अध्यक्षता में चारों तिमाहियों में राभाकास की बैठकों का आयोजन किया गया. वर्ष के दौरान ख़ास तौर से राजभाषा संपर्क अधिकारियों के लिए बैठकें बुलाई गईं. पिछले कुछ वर्षों से हिन्दी की प्रोन्नति के लिए लगातार प्रयास करने के परिणामस्वरूप रिफाइनरी में हिन्दी का प्रयोग काफ़ी हद तक बढ़ गया है.

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

आपकी कंपनी की आरटीआई पुस्तिका, कंपनी के वेबसाइट पर उपलब्ध है जिसमें तमाम अपेक्षित जानकारी प्रकट की गई है. वर्ष के दौरान, 172 आवेदन पत्र मिले जिनमें से 163 आवेदन पत्रों का दिनांक 31/03/2016 से पहले निपटान किया गया और बचे रहे 9 आवेदन पत्रों को निपटाया जा रहा है.

सुरक्षा उपाय

रिफाइनरी में सुरक्षा का इंतजाम, तेल क्षेत्र के लिए बुनियादी संरक्षण योजना (OSIPP) और MHA द्वारा की गईं सुरक्षा लेखा परीक्षा संबंधी सिफारिशों के अनुरूप किया गया है.

रिफाइनरी का प्रत्यक्ष संरक्षण करने की जिम्मेदारी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) को सौंपी गई है. रिफाइनरी - चरण - 3 को संरक्षण प्रदान करने की खातिर CISF के कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव MHA के विचाराधीन है.

कंपनी, सुरक्षा को हमेशा से प्राथमिकता देती रही है और हर वक्त तत्पर रहने के लिए कार्य स्थान पर नकली प्रदर्शनों का इंतजाम किया जाता है. सभी हिस्सेदारों में सुरक्षा संबंधी मुद्दों की जागरूकता उत्पन्न करने के लिए वक्त-वक्त पर सुरक्षा जागरूकता सप्ताह आयोजित किया जाता है. रिफाइनरी का इलेक्ट्रॉनिक सर्वेक्षण और मजबूत करने के लिए एक समेकित CCTV सह इलेक्ट्रॉनिक अतिक्रमण जासूसी तंत्र का कार्यान्वयन किया जा रहा है.

सतर्कता कार्य

आपकी कंपनी ने सतर्कता का कामकाज संभालने के लिए एक संरचित तंत्र बनाया है जिसके जरिए सभी हिस्सेदारों के लिए मूल्य निर्मित करने के प्रति अधिक ध्यान दिया जाता है. इस पद्धति में, अधिक पारदर्शिता लाने के लिए बहुत सारे स्तरों पर जांच-पड़ताल की जाती है और संतुलन बनाए रखा जाता है. वर्ष के दौरान सतर्कता जागरूकता और निवारक सतर्कता संबंधी गतिविधियां लगातार चलाई गईं. केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) के दिशानिर्देशों का पालन किया जाता रहा है. संवेदनशील पद संभालते रहे अधिकारियों का नियमित रूप से आवर्तन किया जाता है.

CVC के अनुदेशों का अनुपालन करते हुए आपकी कंपनी ने शिकायत संभालने की नीति लागू की है जिसमें विभिन्न स्रोतों से प्राप्त तमाम शिकायतों का, सतर्कता द्वारा रेकॉर्ड रखकर उनका परीक्षण किया जा सकेगा. आगे, CVC के अनुदेशों के अनुरूप, आपकी कंपनी ने ई-भुगतान और ई-टेंडर के मामले में उच्च अनुपालन स्तर हासिल किया है.

पारदर्शिता बढ़ाने की दृष्टि से प्रौद्योगिकी का फायदा उठाना, एक दबाव वाला कार्य क्षेत्र रहा है जिसमें सतर्कता ने उत्प्रेरक की भांति भूमिका निभाई है. कंपनी की वेबसाइट पर, डाउनलोड करने लायक टेंडर दस्तावेज, नामांकन आधार पर दिए गए कार्य की जानकारी का प्रकाशन, ठेके देने के बाद की जानकारी का प्रकाशन प्रदर्शित किया जाता है.

निदेशकों और कर्मचारियों के लिए मुखबिर नीति

निदेशकों और कर्मचारियों के लिए एक सतर्कता तंत्र उपलब्ध कराने के लिहाज से मुखबिर नीति बनाई गई है ताकि अनैतिक बरताव, वास्तविक अथवा संदिग्ध धोखाधड़ी के बारे में प्रामाणिक मुद्दे उठाए जा सके. प्रतिशोध अथवा उत्पीड़न के कारण सद्भाव से मुखबिर बनते हुए सतर्कता तंत्र का उपभोग करने वाले निदेशकों और कर्मचारियों को संरक्षण प्रदान करने और अपवादात्मक मामलों में निदेशकों और कर्मचारियों को सीधे लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष से संपर्क करने का मौका प्रदान करने के लिए नीति में आवश्यक रक्षोपाय हैं. यह नीति, कंपनी के वेबसाइट पर उपलब्ध है. वर्ष के दौरान, मुखबिर नीति के तहत कोई शिकायत नहीं मिली.

ऊर्जा का संरक्षण, प्रौद्योगिकी का समावेश और विदेशी मुद्रा अर्जन एवं व्यय

ऊर्जा के संरक्षण, प्रौद्योगिकी के समावेश और विदेशी मुद्रा अर्जन एवं व्यय के संबंध में कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8(3) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(द) का अनुसरण करते हुए प्रकट करने के लिए अपेक्षित जानकारी **अनुबंध ' ग '** में दी गई है जो इस रिपोर्ट का ही एक अंग है.

प्रबंधन का पारिश्रमिक और कर्मचारियों के विवरण

एक सरकारी कंपनी होने के नाते आपकी कंपनी को कंपनी कार्य मंत्रालय (MCA) की दिनांक 05/06/2015 की अधिसूचना के आधार पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 (12) के तहत जानकारी पेश करने से छूट दी गई है.

कंपनी के कार्यात्मक निदेशकों को, डीपीई के दिशानिर्देशों के अनुसार नियमों और शर्तों के अंदर प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात्; एमओपी एण्ड एनजी द्वारा नियुक्त किया जाता है.

वार्षिक विवरणी का उद्धरण

फार्म MGT-9 में दिए गए वार्षिक विवरणी के उद्धरण का भाग बनने वाले ब्यौरे के संबंध में कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134(3)(क) का अनुसरण करते हुए प्रकट करने के लिए अपेक्षित जानकारी **अनुबंध ' घ '** में दी गई है जो इस रिपोर्ट का ही एक अंग है.

एकसमान लिस्टिंग संबंधी करार

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने 02-09-2015 को, SEBI (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2015 (जिसे इसके आगे SEBI लिस्टिंग विनियम , 2015 कहा गया है) जारी किया जिसका मक़सद है, बेहतर प्रयोज्यता सुनिश्चित करने की दृष्टि से पूंजी बाजार के विभिन्न खंडों के लिए लिस्टिंग संबंधी करारनामे के प्रावधानों को समेकित करना और सरल बनाना. उक्त विनियम, 1 दिसंबर, 2015 से लागू हुए. कंपनी ने दिसंबर, 2015 के दौरान, BSE लिमिटेड और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ एक समान लिस्टिंग करारनामे पर हस्ताक्षर किए.

संबद्ध पक्षकारों के लेन-देन और संबद्ध पक्षकारों के साथ किए गए ठेकों अथवा व्यवस्थाओं के विवरण

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान संबद्ध पक्षकारों के साथ किए गए तमाम लेन-देन, नजदीकी तेल भंडारों से और कारोबार के सामान्य क्रम में किए गए. साथ ही, वर्ष के दौरान प्रवर्तकों, निदेशकों अथवा प्रबंधन के महत्वपूर्ण कर्मचारियों के साथ सामग्री से जुड़े कोई लेन-देन नहीं किए गए. कंपनी ने संबद्ध पक्षकार संबंधी नीति और कार्यविधि अपनाई जो कंपनी के वेबसाइट पर उपलब्ध है.

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188(1) में निर्दिष्ट संबद्ध पक्षकारों के साथ कंपनी द्वारा किए गए हर एक ठेके अथवा व्यवस्था के, निर्धारित फार्म सं. AOC - 2 में प्रकट विवरण, **अनुबंध - ङ** के रूप में संलग्न किए गए हैं. MCA ने अपनी अधिसूचना दिनांक 05.06.2015 के जरिए, दो सरकारी कंपनियों के बीच हुए लेन-देन के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188(1) की अनुप्रयोज्यता से छूट दी है.

निदेशकों और निदेशकों की जिम्मेदारी का बयान

निदेशकों की नियुक्ति से संबंधित नीति

एक सरकारी कंपनी होने के नाते आपकी कंपनी को कंपनी कार्य मंत्रालय (MCA) की दिनांक 05/06/2015 की अधिसूचना के आधार पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (ङ) के प्रावधान लागू नहीं होंगे.

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान निदेशक मंडल और प्रमुख प्रबंधन कर्मचारियों में हुए परिवर्तन.

श्री एम वेंकटेश ने, 1 अप्रैल, 2015 से निदेशक (रिफाइनरी) का पद सँभाला और इनका, दिनांक 08/08/2015 को संपन्न 27वीं वार्षिक महासभा में निदेशक के रूप में निर्वाचन हुआ. श्री नलिन कुमार श्रीवास्तव, उप सचिव, एमओपी एण्ड एनजी को 5 मार्च, 2015 से अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया और 08/08/2015 को संपन्न 27वीं वार्षिक महासभा में इनका, निदेशक के रूप में निर्वाचन हुआ. एमओपी एण्ड एनजी द्वारा नामांकन वापस लेने के फलस्वरूप श्री नलिन कुमार श्रीवास्तव, 3 मार्च 2016 से निदेशक नहीं रहे. एमओपी एण्ड एनजी के निदेशक, श्रीमती पेरिन देवी को 14 मई, 2015 से अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया और 08/08/2015 को संपन्न 27वीं वार्षिक महासभा में इनका निदेशक के रूप में निर्वाचन हुआ. श्री ए. के. साहू ने 1 फरवरी, 2016 से निदेशक (वित्त) का पद संभाला. ये, इस AGM में अतिरिक्त निदेशक के रूप में अपना पद छोडेंगे और पात्र होने के नाते, 28वीं वार्षिक महासभा में निदेशक (वित्त) के रूप में अपनी नियुक्ति की पेशकश करते हैं. एमओपी एण्ड एनजी के निदेशक (जीपी), श्री दिवाकर नाथ मिश्रा को 9 मार्च, 2016 से अतिरिक्त निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया जो इस AGM में अतिरिक्त निदेशक के रूप में अपना पद छोडेंगे और पात्र होने के नाते, 28वीं वार्षिक महासभा में निदेशक के रूप में अपनी नियुक्ति की पेशकश करते हैं. 31 जनवरी, 2016 से एमआरपीएल की सेवाओं से मुक्त होने के फलस्वरूप श्री विष्णु अग्रवाल, निदेशक नहीं रहें. बोर्ड, संबंधित कार्यकाल के दौरान निर्गामी निदेशकों द्वारा प्रदान की गईं अमूल्य सेवाओं की भूरी-भूरी प्रशंसा करता है.

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एण्ड एनजी) ने कंपनी के निदेशक मंडल पर स्वतंत्र निदेशकों का नामांकन अब तक नहीं किया है. यह मामला, मंत्रालय के साथ नियमित रूप से उठाया जाता रहा है.

औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन

एक सरकारी कंपनी होने के नाते आपकी कंपनी को कंपनी कार्य मंत्रालय (MCA) की दिनांक 05/06/2015 की अधिसूचना के आधार पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (पी) के प्रावधान लागू नहीं होंगे.

निदेशकों की जिम्मेदारी का बयान

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा के प्रावधानों का अनुसरण करते हुए, आपकी कंपनी का निदेशक मंडल, वित्व 2015-16 के लिए नीचे उल्लिखित बयान देता है:

क) 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के वार्षिक लेखे तैयार करते समय, लागू लेखा मानक अपनाने के साथ-साथ महत्वपूर्ण विचलन के संबंध में उचित स्पष्टीकरण दिया गया है;

ख) निदेशकों ने ऐसी लेखा नीतियां अपनाईं और उनको लगातार लागू किया तथा मुनासिब और विवेकपूर्ण ढंग से फ़ैसले और आकलन किए जिससे कि वित्तीय वर्ष के अंत में कंपनी के कामकाज का और उस अवधि के लिए कंपनी के लाभ-हानि का सही एवं निष्पक्ष चित्र पेश किया जा सके;

ग) निदेशकों ने कंपनी की आस्तियों की हिफ़ाज़त करने तथा धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं का पता लगाने के लिए कंपनी अधिनियम,2013 के प्रावधानों के अनुसार लेखा संबंधी पर्याप्त रेकॉर्ड रखने के लिए उचित और पर्याप्त सावधानी बरती;

घ) निदेशकों ने वार्षिक लेखे, समुत्थान आधार पर तैयार किए हैं;

ङ) निदेशकों ने आंतरिक वित्तीय नियंत्रक तय किए हैं जिनका कंपनी द्वारा पालन करना होगा और यह कि ऐसे आंतरिक नियंत्रक, पर्याप्त हैं और प्रभावशाली ढंग से चलाए जा रहे हैं; और

च) निदेशकों ने ऐसे उचित तंत्र बनाए हैं जिससे कि सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके और यह कि ऐसे तंत्र, पर्याप्त हैं और प्रभावशाली ढंग से चलाए जा रहे हैं.

बोर्ड की बैठकों की संख्या

आपकी कंपनी के निदेशक मंडल ने 2015-16 के दौरान सात (7) बैठकें बुलाईं. दो बैठकों के बीच की अधिकतम अवधि, कंपनी अधिनियम, 2013 में यथा निर्धारित 120 दिन से अधिक नहीं रही. बोर्ड की बैठकों के ब्यौरे, निगमित अभिशासन संबंधी रिपोर्ट में पेश किए गए हैं जो इस रिपोर्ट का ही एक अंग है.

लेखा परीक्षा समिति

लेखा परीक्षा समिति का गठन, कंपनी (मंडल की बैठकें और उसके अधिकार) नियम, 2014 के नियम 6 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177, SEBI लिस्टिंग विनियम, 2015 के विनियम 18 के तहत यथा निर्धारित विचारार्थ विषय और सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों के लिए निगमित अभिशासन संबंधी दिशानिर्देशों के आधार पर किया गया. ऐसी कोई घटनाएँ नहीं रहीं जहां निदेशक मंडल ने लेखा परीक्षा समिति की सिफ़ारिशों को स्वीकार न किया हो. लेखा परीक्षा समिति के ब्यौरे, निगमित अभिशासन संबंधी रिपोर्ट में दिए गए हैं जो इस रिपोर्ट का एक ही एक भाग है. एमआरपीएल, एक केंद्रीय सरकारी क्षेत्र का उद्यम (CPSE) होने के नाते, कंपनी के मंडल पर निदेशकों की नियुक्ति, प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात्; पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एण्ड एनजी) द्वारा की जाती है.

स्वतंत्र निदेशक उपलब्ध न होने के कारण, लेखा परीक्षा समिति का, कंपनी अधिनियम, 2013 और SEBI लिस्टिंग विनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुसार गठन नहीं किया गया है.

नामांकन और पारिश्रमिक समिति

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 और SEBI लिस्टिंग विनियम, 2015 के विनियम 19 तथा CPSE के लिए निगमित अभिशासन के बारे में DPE के दिशानिर्देशों का अनुसरण करते हुए आपकी कंपनी ने, नामांकन और पारिश्रमिक समिति का गठन किया है. नामांकन और पारिश्रमिक समिति के ब्यौरे, निगमित अभिशासन संबंधी रिपोर्ट में प्रकट किए गए हैं जो इस रिपोर्ट का एक ही एक भाग है.

एमआरपीएल, एक अनुसूची-क मिनीरत्न श्रेणी-1 का, केंद्रीय सरकारी क्षेत्र का उद्यम (CPSE) है. प्रबंध निदेशक और कार्यात्मक निदेशकों (पूर्णकालिक निदेशक) की नियुक्ति, संबंधित नियम, शर्तें और पारिश्रमिक, सार्वजनिक उद्यम विभाग (DPE), भारत सरकार द्वारा तय किए जाते हैं. एमआरपीएल, एक केंद्रीय सरकारी क्षेत्र का उद्यम (CPSE) होने के नाते, कंपनी के मंडल पर निदेशकों की नियुक्ति, प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात्; पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एण्ड एनजी) द्वारा की जाती है.

स्वतंत्र निदेशक उपलब्ध न होने के कारण, नामांकन और पारिश्रमिक समिति का, कंपनी अधिनियम, 2013 और SEBI लिस्टिंग विनियम, 2015 के प्रावधानों के अनुसार गठन नहीं किया गया है.

जोखिम प्रबंधन नीति

कंपनी ने डेलॉइट द्वारा बनाए गए उद्यम व्यापक जोखिम प्रबंधन के लिए ठीक तरह से परिभाषित नीतिगत ढांचा बनाया है. जोखिम प्रबंधक, अपने क्षेत्र से संबंधित जोखिमों पर लगातार निगरानी रख रहे हैं. SEBI लिस्टिंग विनियम 2015 के विनियम 21 का अनुसरण करते हुए अधिकतर निदेशकों को समाविष्ट कर जोखिम प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया जो तिमाही में एक बार जोखिम पर निगरानी रखते हुए जोखिम विहंगावलोकी दस्तावेज का मूल्यांकन करती है और लेखा परीक्षा समिति को उसका मूल्यांकन करने की सिफारिश करती है. जोखिम प्रबंधन समिति के विहंगावलोकी दस्तावेज की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की जाती है और यह दस्तावेज, तिमाही आधार पर मंडल के समक्ष रखा जाता है.

विनियामकों/अदालतों द्वारा पारित उल्लेखनीय और महत्वपूर्ण आदेश

विनियामकों/अदालतों ने ऐसे कोई उल्लेखनीय और महत्वपूर्ण आदेश पारित नहीं किए हैं जो कंपनी की समुत्थान स्थिति और उसके भावी प्रचालन को प्रभावित करें.

निगमित अभिशासन

कंपनी अधिनियम, 2013 और SEBI लिस्टिंग विनियम, 2015 ने देश में अभिशासन प्रणाली को मजबूत बनाया है. आपकी कंपनी ने, कंपनी अधिनियम, 2013 और SEBI लिस्टिंग विनियम, 2015 के अंतर्गत प्रदान की गईं अभिशासन संबंधी अपेक्षाओं का पालन किया है और अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों के संबंध में निदेशक मंडल की संरचना की बात को छोड़कर कंपनी अभिशासन की अपेक्षाओं के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके अधीन बनाए गए नियमों एवं SEBI लिस्टिंग विनियम, 2015 के तमाम आज्ञापक प्रावधानों तथा DPE, भारत सरकार द्वारा CPSE के लिए जारी कंपनी अभिशासन संबंधी अनिवार्य दिशानिर्देशों का पालन किया है. विव 2015-16 की निगमित अभिशासन संबंधी रिपोर्ट, इस रिपोर्ट का ही एक भाग है.

SEBI लिस्टिंग विनियम, 2015 की अनुसूची V का अनुसरण करते हुए कंपनी अभिशासन की शर्तों का अनुपालन करने से संबंधित लेखा परीक्षकों का प्रमाणपत्र भी वार्षिक रिपोर्ट का ही एक भाग है. लेखा परीक्षकों ने, कंपनी के बोर्ड पर स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के बारे में लेख-टिप्पणियां की है. कंपनी, अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति का मामला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एण्ड एनजी) के साथ उठा रही है.

कंपनी अधिनियम, 2013 और SEBI लिस्टिंग विनियम, 2015 की अपेक्षाओं का अनुसरण करते हुए नीचे उल्लिखित नीतियां/संहिताएं बनाई गईं हैं जिनको कंपनी के वेबसाइट www.mrpl.co.in पर अपलोड किया गया है.

क) मंडल के सदस्यों और वरिष्ठ प्रबंधन के कर्मचारियों के लिए आचरण संहिता,

ख) मुखबिर नीति,

ग) संबद्ध पक्षकार के लेन-देन - नीति और कार्यविधियां,

घ) CSR और SD संबंधी नीति,

ङ) मटीरियल सब्सिडीयरी संबंधी नीति,

च) एमआरपीएल की प्रतिभूतियों में लेन-देन करते समय भेदिया व्यापार को प्रतिबंधित करने संबंधी आंतरिक कार्यविधि और आचरण संबंधी संहिता,

छ) शेयर बाजारों को घटनाएं प्रकट करने के लिए तात्विकता संबंधी नीति,

ज) दस्तावेजों का परिरक्षण करने संबंधी नीति,

झ) बोर्ड के निदेशकों के लिए प्रशिक्षण नीति.

कारोबार जिम्मेदारी संबंधी रिपोर्ट

SEBI लिस्टिंग विनियम, 2015 में बाजार के पूंजीकरण के आधार पर 500 सूचीबद्ध उद्यमों के लिए वार्षिक रिपोर्ट के अंग के तौर पर कारोबार जिम्मेदारी संबंधी रिपोर्ट (BRR) शामिल करना आज्ञापक बनाया गया है. विनियम का पालन करने की दृष्टि से BRR, इस रिपोर्ट का ही एक भाग है.

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

SEBI लिस्टिंग विनियम, 2015 के विनियम 34 के अनुसार, विव 2015-16 की प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट (MDA), इस रिपोर्ट का ही एक भाग बनती है.

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण

कंपनी अधिनियम, 2013 (Act) के तहत निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग संबंधी ढांचे के अनुसार 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के मंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड, मंगलूर के वित्तीय विवरण तैयार करने की जिम्मेदारी कंपनी के प्रबंधन की है. नियंत्रक और महा लेखा परीक्षक द्वारा अधिनियम की धारा 129(4) के साथ पठित धारा 139(5)के तहत नियुक्त सांविधिक लेखा परीक्षक, अधिनियम की धारा 143(10) के तहत निर्धारित लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार स्वतंत्र लेखा परीक्षा के आधार पर अधिनियम की धारा 129(4) के साथ पठित धारा 143 के तहत वित्तीय विवरणों पर राय व्यक्त करने के लिए जिम्मेदार हैं. यह मान लिया गया है कि उन्होंने दिनांक 12.05.2016 की अपनी लेखा परीक्षा रिपोर्ट के जरिए ऐसा किया है.

मैं ने, भारत के नियंत्रक और महा लेखा परीक्षक की तरफ से अधिनियम की धारा 129(4) के साथ पठित धारा 143(6)(क) के तहत मंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड के 31 मार्च, 2016 को समाप्त वर्ष के समेकित वित्तीय विवरणों की अनुपूरक लेखा परीक्षा की. हमने मंगलूर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड और ONGC मंगलूर पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड के वित्तीय विवरणों की अनुपूरक लेखा परीक्षा की. आगे, अधिनियम की धारा 139(5) और 143(6)(ख), एक निजी उद्यम होने के नाते मंगलूर रीटेल सर्विसेस लिमिटेड और शेल्ल एमआरपीएल एविएशन फ्यूएल्स एण्ड सर्विसेस लिमिटेड को लागू नहीं होती है. तदनुसार C&AG ने न सांविधिक लेखा परीक्षक की नियुक्ति की है न ही इन कंपनियों की अनुपूरक लेखा परीक्षा की. सांविधिक लेखा परीक्षकों के कार्य करने के कागजात देखे बगैर यह अनुपूरक लेखा परीक्षा की गई है और यह, मूल रूप से सांविधिक लेखा परीक्षकों एवं कंपनी के कर्मचारियों की पूछताछ और कुछ लेखा रेकॉर्डों के चयनात्मक परीक्षण तक सीमित है.

मेरी लेखा परीक्षा के आधार पर मेरी जानकारी में ऐसी कोई उल्लेखनीय बात नहीं आई है जिस पर टिप्पणी करना पड़े अथवा जो सांविधिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का समर्थन करे.

कृते भारत के नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक और उनकी तरफ से
हस्ता/-
(जी. सुधर्मिणी)
प्रधान वाणिज्यिक लेखा परीक्षा निदेशक और
पदेन सदस्य लेखा परीक्षा बोर्ड

स्थान: चेन्नई
दिनांक : 27/06/2016

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट

1.0 आर्थिक परिदृश्य

वैश्विक अर्थव्यवस्था

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, अंतर्राष्ट्रीय भूदृश्य में कई नाजुक राजनैतिक, भौगोलिक राजनैतिक, व्यावसायिक, नीतिपरक और कूटनीतिक उथलपुथल नज़र आए जिनके चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन पर काफ़ी असर पड़ा.

2007 में वैश्विक वित्तीय संकट (GFC) का दौर गुजरे आठ साल से भी अधिक समय बीत चुका है. फिर भी वैश्विक अर्थव्यवस्था, अपनी परेशानियों से बाहर निकल नहीं पाई है. सेंट्रल बैंक ऑफ यूरोप, यूके और जापान, उदार रवैया अपनाते रहे हैं, जो स्पष्ट संकेत देता है कि वृद्धि और मुद्रास्फ़ीति में, संधारणीय स्तर तक बहाली नज़र नहीं आई है. तरक्की की निगाहों से देखने पर फेडरल रिज़र्व के लिए दिसंबर 2015 की शुरुआती दौर में अमेरिकी अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन काफ़ी अच्छा रहा है क्योंकि 2008 के अंतिम महीनों से नीतिपरक दरों को सामान्य स्थिति में लाने की प्रक्रिया के दौरान अल्पावधि सामान्य ब्याज दर शून्य या उसके करीब थी. लेकिन आर्थिक परिदृश्य की नाजुकता स्पष्ट रूप से तब झलकने लगी जब एक महीने से कम समय में समर्थन मिलने पर उसके प्रभाव के उलट चीन में कमजोरी के संकेत दिखाई देने लगे. इन तमाम देशों में मुद्रास्फ़ीतिकारक परिदृश्य में नरमी छाई रही जो संधारित बहाली की आशाओं पर पानी फेर रहा है. चीन की कमजोर होती रही अर्थव्यवस्था, उसके गिरते इक्विटी बाजार और उसकी मुद्रा के मूल्यह्रास का वैश्विक आर्थिक संभावनाओं पर असर पडने की आशंका है.

वैश्विक वृद्धि दर जो इस समय यानी 2016 में 3.1 प्रतिशत है, 2016 में 3.4 प्रतिशत और 2017 3.6 प्रतिशत होने का अनुमान है. विकसित देशों में, मामूली और असमान बहाली जारी रहने की उम्मीद है जब कि उत्पादन में अंतराल धीरे-धीरे और बढ़ने की आशा है. उभरते हुए बाजारों और विकासशील देशों में नज़ारा वैविध्यपूर्ण है लेकिन कई देशों में एकदम चुनौतीपूर्ण है. चीन की अर्थव्यवस्था में धीमापन और पुनर्संतुलन, निम्नतर पण्य कीमतों और बड़े उभरते हुए बाजारों में तनाव, 2016-17 में वृद्धि की संभावनाओं पर भारी पड़ेगा.

1.1 भारतीय अर्थव्यवस्था

निजी उपभोक्ता व्यय में सुधार की प्रत्याशा के आधार पर किए गए आकलन के अनुसार भारत की GDP वृद्धि दर 7.4% से 8.4% तक बढ़ने और स्थाई पूंजी 8.3% होने का अनुमान है. IMF और विश्व बैंक, दोनों ने अपने 2016 के सिंहावलोकन में, 2016 और 2017 में प्रमुख देशों में भारत, सर्वाधिक रफ़्तार से तरक्की की तरफ आगे बढ़ने का आशय व्यक्त किया है. कुछ महत्वपूर्ण आंकड़ों में अस्थिरता दिखाई देने के बावजूद (उदा: निर्यात में कमी, कम IIP संख्याएं आदि), वृद्धि की रफ्तार बरकरार रहेगी. ध्यान देने लायक है कि वृद्धि के साथ-साथ समष्टि आर्थिक स्थिरता भी नज़र आई है. मुद्रास्फ़ीति नियंत्रण में है और भुगतान संतुलन स्थिति स्वस्थ नज़र आती है. पिछले कुछ वर्षों में पूंजीगत अंतर्वाह सुदृढ़ बनी रही है जो दिए गए आंकड़ों से जाहिर होता है.

सड़क का जाल बढ़ाने, समर्पित फ्रेट कॉरिडर बनाने, औद्योगिक कॉरिडॉर बनाने, स्मार्ट सिटी बनाने और उससे जुड़ी बुनियादी सुविधाओं का निर्माण करने की सरकार की योजना है जिसके लिए बड़ी पूंजी लगानी पड़ेगी. इसका, कोर उद्योगों जैसे स्टील, सिमेंट, विद्युत और निर्माण पर भी गहरा असर पड़ेगा और इन तीनों क्षेत्रों में अधिक क्षमता उपयोग करने के लिए आधारभूत होंगे. यद्यपि अगले वर्ष में सिर्फ़ गिनी चुनी योजनाओं को अमल में लाने की संभावना है, निवेश से जुड़ी मांग में वृद्धि से लाभप्रदता बढ़ने और इन क्षेत्रों को बढ़ावा मिलने की संभावना है.

एक अन्य प्रभावी कारक है पण्य-माल की कीमतें जिनमें वैश्विक औद्योगिक चहल-पहल में ख़ासकर चीन में गिरावट के कारण अवनति नज़र आई है. अधिकतर आयात किए गए जाने वाले तेल और गैस की कीमतों में गिरावट से उपदान का बोझ काफ़ी हद तक घट गया है और भारत सरकार के लिए अधिक संसाधन हाथ लग गए हैं जिनका मूल ढांचे की परियोजनाएं हाथ में लेने के लिए इस्तेमाल करने की संभावना है. लेकिन अन्य पण्यों जैसे स्टील और अन्य धातु उत्पादों की कीमतों में गिरावट से भारतीय उत्पादकों की लाभप्रदता पर गहरा असर पड़ा है ख़ासकर उस वक्त जब उन्होंने मूल ढांचे की सुविधाओं के निर्माण से मांग की आशा रखते हुए बड़ी मात्रा में उत्पादन किया है.

भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया के शेष देशों के साथ परस्पर जोड़ने का कार्य बड़ी रफ़्तार के साथ आगे बढ़ रहा है और इस वजह से दुनियाभर में होती रही उथल पुथल का, देशी अर्थव्यवस्था पर पहले की अपेक्षा काफ़ी बड़े पैमाने पर असर पड़ रहा है. यद्यपि इसका बहुत सारे माध्यमों के जरिए प्रभाव पड़ सकता है लेकिन अधिकतर वाणिज्य अथवा व्यापार चैनल, पूंजीगत अंतर्वाह चैनल और साथ ही विश्वास चैनल के जरिए भी इसका असर नज़र आता है.

वैश्विक आर्थिक बहाली में धीमापन होने की संभावनाओं के चलते आने वाले वर्षों में निर्यात में काफ़ी तेज गति से वृद्धि हासिल करने के लिए भारत को चुनौतियों का सामना करने की नौबत आ सकती है जबकि आपूर्ति के छोर पर व्यवरोध के कारण अल्पावधि में कीमत की संवेदनशीलता मंद पड़ सकती है. अनिश्चित वैश्विक मांग के चलते, देश के सामने यह चुनौती होगी कि वह नए बाजारों और मौजूदा बाजारों के लिए नए उत्पादों की खोजबीन करने के साथ-साथ भारतीय निर्यात की प्रतिस्पर्धात्मकता से संबंधित मुद्दा सुलझाए.

2.0 उद्योग का सिंहावलोकन

2.1 वैश्विक परिदृश्य

दुनियाभर के क्षेत्रों से मिले सबसे अद्यतन आंकड़ों पर आधारित समायोजन के बावजूद दुनियाभर में तेल की मांग में 2015 में औसत 92.98 mb/d तक अर्थात्; 1.54 mb/d का इज़ाफ़ा हुआ जो पिछली मासिक रिपोर्ट से भिन्न नहीं है. 2016 में, आशा की जाती है कि दुनिया में तेल की मांग में औसत 94.23 mb/d तक अर्थात्; 1.25 mb/d की वृद्धि होगी जो पिछली मासिक रिपोर्ट से भिन्न नहीं है. एशिया, एशिया पेसिफिक और यूरोप में, अपेक्षा से बेहतर तेल मांग के आंकड़ों के कारण, कुछ ऊर्ध्वमुखी संशोधन करने पर विचार किया गया. हालांकि अपेक्षा से अधिक कमजोर तेल मांग के आंकड़ों से कुछ अधोमुखी समायोजन मिलते हैं और लातिन अमेरिका एवं FSU के आर्थिक परिदृश्य में धीमापन नज़र आता है.

रिफाइनर्स को पिछले दो साल से भी अधिक समय से क्रूड कीमतों में सहसा गिरावट से बड़ा फायदा हुआ है. विशेषकर अप्पस्ट्रीम में रखे गए अतिशय स्टॉक के कारण सस्ता फ़ीडबैक का बोनैंज़ा मिला जिसके चलते अब तक के कुछ सर्वाधिक प्रचालन डाउनस्ट्रीम दर हासिल हुई हैं जो याद रखने लायक हैं. अब रिफाइनर्स, जब उत्तरी गोलार्ध में ग्रीष्म ऋतु के आगमन की तैयारी हो रही है, मांग वर्ष में सुनहरे क्षण की कगार पर हैं. लेकिन तेल का ओवरहैंग, डाउनस्ट्रीम की तरफ मुड़ रहा है और पिछले वर्ष की तुलना में मुनाफ़े में तेजी का रुख नजर नहीं आ रहा है. रिफाइनर्स को एक और ग्रीष्म ऋतु का निराशाजनक ढंग से सामना करने की नौबत आ सकती है.

मांग में अनपेक्षित बढ़त के चलते 2015 में मुनाफ़े में इज़ाफ़ा हुआ. पिछले वर्ष गैसोलीन खपत में अमेरिका और चीन में 250,000 b/d की और भारत में 50,000 b/d की वृद्धि हुई. लेकिन अमेरिका और यूरोप में मुनाफे में इज़ाफ़ा, ऑक्टेन गिरावट के कारण भी हुआ जिससे उपयुक्त ब्लेंड स्टॉक के मूल्य में एकदम उछाल नज़र आया.

ग्रीष्म गैसोलीन ब्लेंड का उत्पादन करना कठिन होता है क्योंकि मिश्रण में मौजूद अन्य तत्वों की कमी पूरी करने के लिए कम वाष्पशील, अधिक ऑक्टेन युक्त घटक की अधिक मात्रा में ज़रूरत पड़ती है. अधिक अमेरिकी शेल रन्न के कारण कम ऑक्टेन युक्त नैफ़्ता का अधिक प्रमाण में उत्पादन हुआ. निम्नतर कीमतों से प्रोत्साहित होकर रिफाइनर्स ने, गैसोलीन पूल में अधिक मात्रा में नैफ़्ता का प्रयोग किया जिसके चलते तैयार गैसोलीन में विनिर्देश बरकरार रखने के लिए उनको मजबूरन अधिक ऑक्टेन युक्त घटकों की खातिर अधिक कीमत चुकानी पड़ी.

वैश्विक क्रूड आपूर्तिकर्ता, अपनी आपूर्तियों को सीमित कर रहे हैं क्योंकि निम्नतर कीमतों से गैर ओपेक उत्पादन करना संभव नहीं होता है. केनडा में अग्निकांड और नाइजीरिया में विद्रोहियों की बगावत के कारण क्रूड का उत्पादन लगभग 2mn b/d तक घट गया. इससे हुए नुकसान के चलते क्रूड की कीमतें, सात महीनों में अपनी ऊंचाई पर रहीं और अंत में क्रूड स्टॉक में निवेश की मात्रा घटानी पड़ी. यद्यपि तेल आपूर्ति की मात्रा घट रही है, पहली तिमाही में 1.9% की वृद्धि के बाद जिसमें इसी अवधि के दौरान पिछले वर्ष 1.7mn b/d का इज़ाफ़ा हुआ था, वैश्विक मांग की वृद्धि में स्थिरता नज़र आ रही है. द्वितीय भाग में वैश्विक आर्थिक वृद्धि में मंद प्रवृत्ति रहने के कारण वृद्धि में अवनति होने का अनुमान है. लेकिन जब तक ओपेक उत्पादक, उत्पादन बढ़ा न लें, ढ़ाई वर्षों में पहली बार 2016 के मध्य भाग तक आपूर्ति और मांग के बीच संतुलन बैठने की संभावना है.

उम्मीद है कि उभरते हुए देशों की तेजी से होती रही तरक्की को देखते हुए और OECD की खपत बढ़ने की संभावनाओं के बावजूद तेल की खपत बढ़ती रहेगी. तिस पर भी, उच्चतर कीमतों के प्रति उपभोक्ताओं की मिली-जुली प्रतिक्रिया और तेल की वृद्धि को घटाने की दृष्टि से बनाई गई सरकारी नीतियों के कारण अन्य ईंधनों की अपेक्षा तेल में तेजी से वृद्धि होने की संभावना नहीं है. खपत में अपेक्षित वृद्धि की पूर्ति करने के लिए वैश्विक संसाधन पर्याप्त हैं लेकिन जिन देशों के पास अधिकतर संसाधन हैं उनकी नीतियों के चलते अधिक लागत वाली आपूर्ति का विकल्प व्यवहार्य रखते हुए विकास की रफ़्तार कुंठित होने की संभावना है. तेल (और जैविक ईंधन) का, परिवहन क्षेत्र में 2030 तक प्रभुत्व बना रहेगा जब कि तेल खपाने वाले उपकरणों की लागत और दीर्घ आर्थिक आयु के चलते, अगले 20 वर्षों में पर्याप्त बाजार अंश हासिल करने की अन्य ईंधनों की संभावनाएं सीमित होंगी.

2.2 भारत का परिदृश्य

दुनिया की आबादी के 18% लोगों की जन्मभूमि, भारत, दुनिया के मूल ऊर्जा का सिर्फ़ 6% उपयोग करता है. सन् 2000 से भारत की ऊर्जा की खपत लगभग दुगुनी हो गई है और आगे चलकर इसमें तेज रफ़्तार से बढ़त होने की काफ़ी संभावना है. भारत की अर्थव्यवस्था, जो दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है, तेज रफ़्तार से तरक्की की राह पर चल रही है और देश के आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाने और विनिर्माण क्षेत्र में विस्तार के लिए नीतियां लागू की जा चुकी हैं. अगर ऊर्जा की आपूर्ति का सुव्यवस्थित ढंग से इंतजाम किया गया तो बेहतर कल्याण एवं जीवन की गुणवत्ता के मायने में भारत की 1.3 अरब जनता को बहुत बड़ा फायदा होगा. राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर नीति-निर्माता, अपने प्रयास पुरजोर करते हुए यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि भारत की तरक्की में ऊर्जा एक प्रेरक होगा न कि एक अड़चन क्योंकि ऊर्जा की दक्षता और कीमत निर्धारण में सुधार करने पर अधिक जोर देने के साथ-साथ ऊर्जा की आपूर्ति में निवेश करने में आड़े आने वाली सारी बाधाएं हटाने की ओर ध्यान दिया जा रहा है. (तेल की कीमत में गिरावट का फायदा उठाकर 2014 के अंत में डीज़ल कीमतों के विनियमन का मतलब है कि अब तेल आधारित परिवहन ईंधन, उपदान मुक्त हैं). तेल की मांग, दूसरे किसी भी देश की अपेक्षा बढ़ रही है जो 2040 तक 10 mb/d के आस-पास होगी.

भारत, तेजी से एक वैश्विक परिष्करण हब्ब की तरह उभर रहा है. पर्यावरण को लेकर सख्त मापदंड होने के कारण अमेरिका और यूरोप में परिष्करण क्षमता लगभग अवरुद्ध अथवा कम हो गई है जिससे उनको विकासशील बाजारों से आयात पर निर्भर होना पड़ रहा है. भारतीय रिफाइनर्स को, कम पूंजी और परिचालन खर्च के कारण प्रतिस्पर्धात्मक फायदा है.

सरकार की सक्रिय नीतियों के चलते भारतीय परिष्करण क्षेत्र में निवेश बढ़ रहा है. भारत के नई तटवर्ती रिफाइनरियों की जटिलता अधिक होने के कारण वे BS/ यूरो IV और BS/ यूरो V जैसे उत्पाद बना पाती हैं जो विकसित बाजारों के उत्सर्जन संबंधी मानदंड पूरा करते हैं और इस तरह से उनको बेहतर मुनाफा दिलाने में सहायक होती हैं. खपत से अधिक उत्पादन करने के कारण, भारत, पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात कर रहा है. भारत के रिफाइनर्स ने, अंतर्राष्ट्रीय मानकों की पूर्ति करने की दृष्टि से उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए मोटी मात्रा में निवेश किया है. वाहन के उत्सर्जन संबंधी मापदंडों में सख्ती आने के कारण उम्दा किस्म के ईंधनों की मांग बढ़ती रही है. पश्चिम में पुरानी और छोटी रिफाइनरियां, आर्थिक दृष्टि से व्यवहार्य न होने के कारण उम्दा किस्म के ईंधन नहीं बनाती हैं. इस कारण, अत्याधुनिक प्रौद्योगिक और उचित उत्पादों से लैस भारत की नई रिफाइनरियों को, भविष्य में भी निर्यात बाजार तलाशने के मौके मिलेंगे.

इस समय उद्योग ने, दुनिया भर में अपने आपको एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में सिद्ध करने में अच्छा काम किया है और परिष्करण क्षमता की निगाहों से, जो इस समय 230.066 दशलक्ष मेट्रिक टन (MMTPA) है आज, दुनिया में हमारा देश अमेरिका, रशियन फेडरेशन और चीन के बाद चौथा सबसे बड़ा देश है. भारत में कुल मिलाकर 23 रिफाइनरियां हैं जिनमें से 18 सरकारी क्षेत्र में हैं, 3 निजी क्षेत्र में और 2 संयुक्त उद्यम हैं. आपकी कंपनी की परिष्करण क्षमता, 15MMTPA है जो भारत की कुल परिष्करण क्षमता का करीब 7% है.

भारत में पेट्रोलियम उत्पादों के लिए मांग में काफ़ी हद तक वृद्धि हुई है. भारत की अधिक आर्थिक वृद्धि के कारण रिफाइनरी उत्पादों की सुदृढ मांग है. ख़ास तौर से परिवहन क्षेत्र के कारण ऐसी वृद्धि संभव हो पाई है जिसमें पिछले कुछ वर्षों में तेजी की धूम मची हुई है.

देशी बाजार में समग्र बिक्री में HSD का अनुपात करीब 40.6% है जब कि MS का हिस्सा, 11.9% के आस-पास है. अवधि के दौरान, MS में 14.5% का इज़ाफ़ा हुआ जब कि HSD की मांग में करीब 7.5% की बढ़त हुई है. आने वाले वर्षों में भारत की आर्थिक वृद्धि जैसे-जैसे गति पकड़ेगी एलपीजी, MS और HSD जैसे अधिक मूल्य के परिष्करण उत्पादों के लिए मांग, अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की अपेक्षा तेज रफ़्तार से बढ़ेगी. भारत, पेट्रोलियम उत्पादों का निवल निर्यातकर्ता रहा है.

2015-16 के दौरान भारत में पेट्रोलियम उत्पादों की खपत और उत्पादन स्वरूप

('000 MT)

उत्पाद	खपत		उत्पादन	
	2015-16	**2014-15**	**2015-16**	**2014-15**
एलपीजी	19551	18019	10600	9840
एमएस	21846	19075	35321	32233
नैफ़्ता	13402	10939	17676	17465
एटीएफ	6220	5578	11793	11086
एसकेओ	6826	7087	7503	7634
एचएसडी	74639	69404	98587	94338
एफ.ओ और एलएसएचएस	6673	6017	10791	12054
पेट्र कोक	18323	14408	12298	11678
कुल	**167480**	**150527**	**204569**	**196328**

(सूत्र : PPAC)

भारत को, जो अपने तेल की 80 प्रतिशत ज़रूरतें पूरी करने के लिए आयात पर निर्भर होना पड़ता है, बढ़ती रही मुद्रास्फ़ीति का सामना करने के साथ-साथ क्रूड तेल कीमतों में प्रति बैरल में हर एक डॉलर की बढ़त के लिए ₹ 9,126 करोड ($ 1.36 अरब) अधिक खर्च करने पड़ेंगे. भारत की आर्थिक वृद्धि दर को, जो 2015-16 में 7.6 प्रतिशत है, प्रमुख देशों में से सबसे तेज दर के रूप में करार दिया गया है. इस वृद्धि दर से प्रमुख कारक रही हैं, तेल और पण्य की कीमतें.

एक निवल खरीदार होने के नाते भारत को पिछले एक वर्ष से अधिक समय से शासन से फायदा हुआ है. अगर ये कीमतें, वर्तमान सीमा के अंदर टिकी रहीं तो हमें इसे झेल सकेंगे लेकिन अगर कीमतों में अनुचित वृद्धि हुई तो मुद्रास्फ़ीति और बचत पर इसका असर गौर करने लायक होगा.

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान एमआरपीएल का उत्पादन

उत्पाद	('000 MT)
हाइड्रोजन	0.04
एलपीजी	803.35
ईंधन गैस	3.60
एमएस	1140.54
मिश्रित ज़ाइलीन	224.10
नैफ़्ता	1573.59
एसकेओ	562.87
एचएसडी	6454.52
एटीएफ	1001.25
वीजीओ	202.55
ईंधन तेल	604.39
एस्फाल्ट	181.45
सीआरएमबी	1.76
गंधक	857.11
पेट्र कोक	158.78
कुल	**13769.9**

2015-16 के दौरान एमआरपीएल द्वारा पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात.

('000 MT)

उत्पाद	MRPL	
	2015-16	**2014-15**
एमएस	174.23	147
नैफ़्ता	928.38	971
एटीएफ	818.68	1075
डीज़ल	668.25	904
ईंधन तेल	629.96	1731
कुल	**3219.50**	**4828**

3.0 भारत द्वारा क्रूड का आयात:

देश में क्रूड तेल का आयात, पिछले कुछ वर्षों से बढ़ता रहा है जो परिष्करण क्षमता में वृद्धि के अनुरूप है. भारत ने वर्ष 2015-16 के दौरान 202 दशलक्ष टन क्रूड तेल का आयात किया जब कि 2014-15 के दौरान 192 दशलक्ष टन क्रूड तेल का आयात किया गया था.

वर्ष के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रूड तेल की कीमतों में तेजी से गिरावट नज़र आई. 2014-15 के दौरान ब्रेंट और दुबई क्रूड तेल की कीमत औसतन $85 प्रति बैरल और $83 प्रति बैरल रही जिसमें पिछले वर्ष की $108 और $105 प्रति बैरल की कीमत की तुलना में 20% की कमी नज़र आती है. वर्ष के दौरान, क्रूड की कीमत, पिछले छह वर्षों में निम्नतम स्तर तक गिरी. यह अवनति (वार्षिक औसत के आधार पर), पिछले एक दशक से अधिक अवधि में सब से अधिक तीव्र रही है. लेकिन अवनति की यह प्रवृत्ति, पिछले कुछ महीनों में गहरी होती हुई नज़र आई जब ब्रेंट क्रूड की कीमत में करीब $45 प्रति बैरल की गिरावट हुई, जो पिछले छह वर्षों में निम्नतम है.

आपकी कंपनी ने विभिन्न अवसर क्रूड का प्रोसेसिंग किया जिसका क्रूड बैस्केट 2015-16 के दौरान बढ़ाना होगा. क्रूड तेल के नए स्रोतों की खोजबीन करने और उनका इष्टतम उपयोग करने की दृष्टि से आपकी कंपनी, कोलंबिया, मेक्सिको, वेनेज़ुएला आदि जैसे देशों/स्रोतों से संभावित / नए मुद्दती तेल आपूर्तिकर्ताओं के साथ चर्चा कर रही है. चरण-III चालू होने के साथ, कंपनी ने अधिक भारी क्रूड तेल(लों) का प्रोसेसिंग करना शुरु कर दिया है.

4.0 अवसर और खतरे:

भारत जैसे विकासशील देश के लिए, जिसकी प्रति व्यक्ति ऊर्जा की खपत कम है, तरक्की के लिए अधिक ऊर्जा की ज़रूरत पड़ेगी. अफ्रीका के अलावा समग्र एशिया पेसिफिक क्षेत्र के लिए, तरक्की और विकास के पथ पर ऊर्जा की जबरदस्त ज़रूरत पड़ेगी. भारत सरकार ने हाल में पश्चिमी तट पर दो चरणों में 60 दशलक्ष टन (mtpa) प्रति वर्ष की मेगा रिफाइनरी स्थापित करने की अपनी योजनाएं घोषित की.

तेल की कम कीमतों से तेल निर्यातकर्ताओं और आयातकर्ताओं, दोनों को ऊर्जा संबंधी उपदान में सुधार करने का मौका भी मिलता है. एक तेल आयातकर्ता होने के नाते, सामान्य ऊर्जा संबंधी उपदान को हटाने से होने वाली बचत का अधिक लक्षित अंतरण करने, जहां प्रासंगिक हो, बजट की कमी पूरी करने और स्थिति सही हो तो सार्वजनिक आधारिक संरचना बढ़ाने के प्रति इस्तेमाल करना चाहिए.

भविष्य में तेल की कीमत के बारे में अनिश्चितता और कीमत की गिरावट में अंतर्निहित कारकों ने वैश्विक वृद्धि की परिकल्पना को जोखिम का एक नया आयाम दिया है. दूसरी ओर तेल की कम कीमतों से दुनिया को मिला प्रोत्साहन, ख़ासकर विकसित देशों में इस समय किए गए प्रक्षेपणों से कई अधिक हो सकता है. लेकिन तेल की कीमतों में भी नकारात्मक गिरावट आ सकती थी और अगर आपूर्ति का जवाब, पूर्वानुमान से अधिक तगड़ा न हो तो अपेक्षा से पहले अथवा बाद में पलट सकती हैं. गौरतलब है कि नकारात्मक पहलू से जुड़े अन्य जोखिम ज्यों के त्यों हैं. वैश्विक वित्तीय बाजारों में, बाजारों में उथल-पुथल से जुड़े जोखिम एवं उतार-चढ़ाव का सिलसिला और तीखा होता जा रहा है. बढ़ते रहे असम वैश्विक विस्तार के संदर्भ में प्रमुख देशों की गतिविधि में आश्चर्यजनक करवट बदलने अथवा अमेरिका में मौद्रिक नीति को सामान्य बनाने की राह पर आश्यर्चजनक मोड़ आने की संभावना हो सकती है. ख़ासकर उभरते हुए बाजारों को उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा क्योंकि उनकी पूंजी अंतर्वाह में उलट हो सकता है. तेल की कीमतों में तीक्ष्ण गिरावट के साथ तेल आयातकर्ताओं में ये जोखिम बढ़ गए हैं जहां बाह्य एवं तुलन-पत्र की आलोचनीयता बढ़ गई है जबकि तेल आयातकर्ताओं को बफर मिले हैं. यूरो क्षेत्र में, मुद्रास्फ़ीति में और अवनति हुई है तथा देश या विदेश में प्रतिकूल झटकों के चलते निम्नतर मुद्रस्फ़ीति अथवा कीमत में गिरावट का दौर, लंबे समय तक कायम रह सकता है क्योंकि मुद्रा नीति के प्रति प्रतिक्रिया मिलने में वक्त लगता है. बहुत सारे प्रमुख देशों में भविष्य में मांग के रूप में उभरने वाले संभावित आउटपुट के नकारात्मक पहलू से जुड़े कुछ जोखिम अभी भी मौजूद हैं. भौगोलिक-राजनीतिक जोखिम बढ़ते रहने की आशा है जब कि वैश्विक तेल बाजार में टूट-शिकस्त से जुड़े जोखिमों का दर्जा, पर्याप्त निवल अंतर्वाह की आपूर्ति के चलते, घटाया गया है.

तेल रिफाइनरी कारोबार में US डालर (USD) का दबदबा बना हुआ है. क्रूड तेल और उत्पाद, दोनों की कीमतें, अंतर्राष्ट्रीय कोट के आधार पर तय की जाती हैं, जब कि रुपया बनाम डालर की विनिमय दर में उतार-चढ़ाव का अपने आप फैक्टरिंग किया जाता है जो सामान्य क्रम में विनिमय दर में अस्थिरता के प्रति स्वाभाविक सुरक्षा प्रदान करता है. लेकिन अचानक और अधिक उतार-चढ़ाव का असर पड़ सकता है. अंतर्राष्ट्रीय क्रूड कीमतों में किसी भी तरह का उतार-चढ़ाव, काफ़ी हद तक बिक्री कीमत में नज़र आता है बशर्ते कि उत्पादों की कीमतों में वही रुख नज़र आए जो क्रूड तेल की कीमतों के उतार-चढ़ाव में नज़र आए.

आपकी कंपनी आयात एवं निर्यात करती है जिससे विनिमय दर में उतार-चढ़ाव के प्रति स्वाभाविक सुरक्षा मिलती है. जहां तक हो सके USD में एक्सपोशर के साथ मेल बिठाने के प्रयास किए जाते हैं जिससे जोखिम काफ़ी हद तक कम हो जाता है. क्रूड और उत्पादों की कीमतों में अस्थिरता का, परिष्करण मुनाफे पर असर पड़ता है. आपकी कंपनी, अपनी क्रूड तेल की आवश्यकताओं में से करीब 80% का आयात करती है और कुल उत्पादन के लगभग 47% का निर्यात करती है जहां बिक्री प्राप्तियों को USD में प्राप्त किया जाता है.

देशी बिक्रियों के मामले में भी कीमतों का, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मौजूद व्यापार/आयात समानता कीमतों पर तय किया जाता है जिसमें काफ़ी हद तक स्वाभाविक सुरक्षा मिलती है. आपकी कंपनी, अपने प्रमुख उत्पादों जैसे HSD, ATF और MX का औसत मासिक कीमतों पर निर्यात करती है जिससे महीने के बीच में कीमत में होने वाले उतार-चढ़ाव का जोखिम कम हो जाता है. लेकिन क्रूड और उत्पाद की कीमतों में अचानक उतार-चढ़ाव का आपकी कंपनी के मुनाफ़े पर काफ़ी असर पड़ेगा.

5.0 खतरे और चिंताएं :

आपकी कंपनी एक ऐसे व्यावसायिक माहौल में काम करती है जिसमें वैश्वीकरण बढ़ रहा है, प्रतिस्पर्धा तीव्र होती जा रही है और अधिक जटिल प्रौद्योगिकियों का सामना करना पड़ रहा है जिसमें कारोबार को प्रभावित करने वाले अंतर्निहित खतरों और चिंताओं से जूझना पड़ता है. हमने, एमआरपीएल में, कारोबार में निहित नीचे उल्लिखित जोखिमों को पहचानने के साथ-साथ इनको कम करने की दिशा में एक रूपरेखा भी बनाई है.

- **क्रूड आपूर्ति में निहित जोखिम :**

  रिफाइनरियों को, निर्बाध रूप से उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए क्रूड तेल की वक्त पर आपूर्ति का जोखिम उठाना पड़ता है जिससे कि क्रूड का अभाव टाला जा सके क्योंकि क्रूड के अभाव से थ्रूपुट घट जाता है. अपने प्रचालन स्वरूप के कारण, अगर आपूर्तिकर्ता देश की भौगोलिक एवं राजनीतिक स्थिति पर कोई दबाव हो, उपयुक्त जहाज न मिले और पेट्रोलियम निर्यातकर्ता देशों (OPEC) के संगठन द्वारा क्रूड की आपूर्ति घटाई जाए तो क्रूड की आपूर्ति में निहित जोखिम उठाने की नौबत आ सकती है.

  आपकी कंपनी, क्रूड हासिल करने के स्रोतों का विविधीकरण करती रही है और इस दिशा में अधिक देशों को जोड़ती रही है और क्रूड की श्रेणी बढ़ाती रही है. आपकी कंपनी ने प्रारंभ में सिर्फ़ NIOC (नैशनल इरानियन ऑइल कंपनी ऑफ ईरान) का मुद्दती ठेका मुकर्रर किया था लेकिन इस समय क्रूड खरीदने के लिए विभिन्न आपूर्तिकर्ताओं जैसे साउदी अरैमैको (नैशनल ऑइल कंपनी ऑफ किंगडम ऑफ साउदी अरेबिया), ADNOC (नैशनल ऑइल कंपनी ऑफ गवर्नमेंट ऑफ अबू धाबी) और KPCL(कुवैत पेट्रोलियम कार्पोरेशन) के साथ मुद्दती ठेके तय किए गए हैं. आपकी कंपनी, अतिरिक्त आपूर्तिकर्ताओं के जरिए आयात बढ़ाना चाहती है. आपकी कंपनी ने रव्वा, नाइल ब्लेंड और सखलीन जैसे नज़दीकी विभिन्न तेल भंडारों से क्रूड हासिल करने के लिए ONGC समूह के साथ आपूर्ति संबंधी करार भी किया है. आपकी कंपनी, लचीली कीमतों का फायदा उठाने की खातिर, हाजिर टेंडर के जरिए अंतर्राष्ट्रीय हाजिर बाजारों में लगभग 15-20% क्रूड हासिल करना चाहती है.

- **कीमत का जोखिम**

  यह जोखिम, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में क्रूड तेल की कीमतों और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद की कीमतों में उतार-चढ़ाव से जुड़ा है. दुनिया भर में तेल की एक पण्य के रूप में अधिक मांग होने के कारण संभव है कि कीमत में ख़ास उतार-चढ़ाव का आर्थिक दशा पर गहरा असर पड़े. तेल की कीमत को प्रभावित करने वाले दो प्रमुख कारक हैं, आपूर्ति एवं मांग तथा बाजार की नाजुकता. तेल व्यापार में, तेल की मांग का इशारा, दुनिया के प्रमुख देशों की तेल की खपत के स्वरूप की तरफ होता है और आपूर्ति का मतलब, OPEC (पेट्रोलियम देशों का संगठन) से क्रूड तेल के आउटपुट और अन्य तेल उत्पादन से है. जब कि बाज़ार का रुझान, भौगोलिक-राजनीतिक स्थिति पर निर्भर होता है जैसे कि हम इस समय खाड़ी, अफ्रीका और युक्रेन में तनाव से भरा माहौल देख रहे हैं.

  रिफाइनरी की लाभप्रदता, क्रूड तेल की कीमतों और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद की कीमतों के बीच मुनाफे पर निर्भर होती है.

  आपकी कंपनी ने, हाजिर/प्रायोगिक क्रूड तेल का अनुपात इष्टतम स्तर पर बनाए रखते हुए क्रूड तेल की खरीदारी के लिए सोच-समझकर व्यावसायिक रणनीति अपनाई है जिससे कि प्रक्षेपित बाजार के परिदृश्य में क्रूड का लागत प्रभावी ढंग से क्रय किया जा सके.

  कीमत में घट-बढ़ का जोखिम कम करने की खातिर आपकी कंपनी, प्रतिस्पर्धात्मक कीमतों पर क्रूड तेल हासिल करने के लिए दीर्घावधि ठेके तय करती है और खुले अंतर्राष्ट्रीय बाजारों का सहारा लेती है. प्रबंधन ने, तीन महीने पहले प्रवाही योजना (रोलिंग प्लान) बनाई है जिससे कि कीमत में घट-बढ़ का जोखिम पहचानकर वक्त पर उचित कार्रवाई की जा सके. लागत घटाने के लिए सस्ते सख्त क्रूड का उपयोग बढ़ाया जाता है और उत्पाद स्लेट में सुधार करने की खातिर सम्मिश्रण का सहारा लिया जाता है. कंपनी में विदेशी मुद्रा की अस्थिरता से बचने के लिए प्रतिरक्षा का सहारा नहीं लिया जाता है.

- **विदेशी मुद्रा में निहित जोखिम**

  कंपनी के सामान्य प्रचालन के अंग के तौर पर विदेशी मुद्रा आयात/निर्यात करने के प्रति कंपनी के एक्सपोज़र के कारण विदेशी विनिमय में घट-बढ़ के प्रभाव के कारण इस तरह का जोखिम उठाना पड़ता है.

  विदेशी मुद्रा में घट-बढ़ को, निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित जोखिम प्रबंधन नीति में परिभाषित दिशानिर्देशों और परिसीमाओं के अनुसार संभाला जाता है. आपकी कंपनी ने, विदेशी मुद्रा में घट-बढ़ की वक़्त पर समीक्षा करते हुए कंपनी के जोखिम परिदृश्य पर गौर करने के लिए जोखिम प्रबंधन समिति का गठन पहले ही कर दिया है.

  आपकी कंपनी ने, विदेशी मुद्रा में घट-बढ़ से उत्पन्न जोखिम पर सलाह देने और जोखिम मिटाने के उपाय सुझाने के लिए एक सलाहकार मुकर्रर किया है. लेकिन विदेशी मुद्रा बाजार में अस्थिरता की तुलना में बचाव-व्यवस्था की अधिक लागत को देखते हुए कंपनी ने कोई बचाव व्यवस्था नहीं की. कंपनी, प्रतिरक्षा का सहारा नहीं लेती है.

- **रिफाइनरी के मुनाफे में निहित जोखिम**

  प्रचालन दक्षता और अपेक्षित मात्रा, गुणवत्ता और कीमत वाले क्रूड तेल तक पहुंच का कंपनी के निष्पादन पर उल्लेखनीय प्रभाव पड़ता है. हालांकि परिष्कृत उत्पाद की फीड स्टॉक कीमतों में सामान्यत: परिवर्तन होता है लेकिन इसमें एक अंतराल बना रहता है जिसका अल्पावधि कार्यकारी पूंजीगत अपेक्षाओं और लाभप्रदता पर असर पड़ता है.

  प्रौद्योगिकीय उन्नति और भरोसेमंद प्रचालन के जरिए उत्पादन की दक्षता बढ़ाने से लगातार जोखिम मिटाना संभव होगा. कारोबार की प्रक्रिया का इष्टतमीकरण करने संबंधी बैठकें, आंतरिक रूप से की जाती हैं जिससे कि मार्जिन बढ़ाने के लिए आने वाले महीनों में प्रवृत्तियों और आगे की चाल का विश्लेषण कर कदम बढ़ाए जा सकें.

  लेकिन आपकी कंपनी ने जोखिम प्रबंधन प्रणाली के लिए कार्यान्वयन कार्यविधि एवं निगरानी तंत्र सहित व्यवस्थित ढंग से परिभाषित नीतिगत ढांचा बनाया है. जोखिम प्रबंधक, पहचाने गए जोखिमों का मासिक आधार पर मूल्यांकन कर रहे हैं और साथ ही नए जोखिमों को पहचानने के साथ-साथ उनको मिटाने के उपाय भी कर रहे हैं एवं इस बारे में सीधे मुख्य जोखिम प्रबंधक, निदेशक(रिफाइनरी) को रिपोर्ट कर रहे हैं. उद्यम व्यापक जोखिम प्रबंधन का विहंगावलोकी दस्तावेज, तिमाही आधार पर लेखा परीक्षा समिति और मंडल के समक्ष रखा जाता है.

- **जल आपूर्ति में निहित जोखिम**
  हाल में मंगलूर में जल संकट के कारण अप्रैल और मई, 2016 के महीनों में रिफाइनरी कॉम्प्लेक्स की यूनिटों को भागश: शटडाउन करना पड़ा. इस जोखिम से बचने के लिए, आपकी कंपनी ने एक अल्पावधि योजना बनाई है जिसमें ETP से पुन:चक्रित जल का उत्पादन बढ़ाया जाएगा और शहर से वाहित मल का उपचार करने के बाद प्राप्त जल का अधिक उपयोग किया जाएगा. एमआरपीएल, दीर्घावधि में, विलवणन (डीसलाइनेशन) संयंत्र स्थापित करते हुए जल के वैकल्पिक स्रोत की खोजबीन कर रहा है.

6.0 कूटनीतिक कारोबार की तरफ पहल और भावी दृष्टिकोण:

- उपलब्ध अवसरों को देखते हुए और भारत सरकार की ऑटो ईंधन नीति के अनुसार उत्पाद के विनिर्देशों की पूर्ति करने की दृष्टि से आपकी कंपनी, 2020 तक BS VI ग्रेड का उत्पादन करने के लिए परियोजनाएं लागू करने वाली है.

- कम लागत पर परिष्करण करते हुए रिफाइनरी की क्षमता को 18/21 MMTPA तक बढाने के लिए निवेश करने पर विचार किया गया है.

- राज्य उच्च स्तरीय क्लीयरेंस समिति (SHLCC) GOK, ने रिफाइनरी के स्थान के बगल में 1050 एकड़ की भूमि आबंटित की है. अधिग्रहण करने की प्रक्रिया चल रही है.

- 2025 तक भविष्य में तरक्की की रणनीति का रास्ता तय करने की दृष्टि से, सात महत्वपूर्ण क्षेत्रों को पहचाना गया है और विभिन्न अवसरों का मूल्यांकन करने के लिए समूह बनाए गए हैं तथा अल्पावधि, मध्यावधि और दीर्घावधि में एमआरपीएल की भावी वृद्धि की रूपरेखा बनाई गई है. समूहों ने परियोजनाएं बनाई हैं जिनको तकनीकी आर्थिक व्यवहार्यता के आधार पर हाथ में लिया जाएगा.

- सुधार और विकास की खातिर विभिन्न अन्य परियोजनाएं भी हाथ में ली जा रही हैं जैसे CCR-2 का परिष्करण, MS,HSD,ATF डे टैंकों और पार्किंग सुविधा के साथ विपणन टर्मिनल, रेलवे साइडिंग सुविधा पर वैगन लोडिंग के लिए पेट्रोकोक सिलोस को हाथ में लिया गया है जिससे कि संभार के लिए बुनियादी सुविधाओं में सुधार किया जा सके. इन सभी परियोजनाओं के लिए, EPCM ठेकेदारों की मदद ली जाएगी.

7.0 आंतरिक नियंत्रक प्रणालियाँ:

आपकी कंपनी ने सुस्थापित आंतरिक नियंत्रण समीक्षा तंत्र अपनाया है जिससे लेखा परीक्षा समिति और निदेशक मंडल को प्रभावशाली आंतरिक नियंत्रण माहौल का आश्वासन दिया जा सकेगा.

आपकी कंपनी, अपने आंतरिक नियंत्रण तंत्र में लगातार सुधार कर उन्नयन करती रही है जिससे कि प्रबंधन की प्रभाविता और दक्षता, प्रचालन और वित्तीय स्थिति पर भरोसेमंद रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जा सके और उच्च स्तरीय कानूनी अनुपालन और जोखिम प्रबंधन हासिल किया जा सके. आपकी कंपनी ने, अपने आकार और प्रचालन के स्वरूप के अनुरूप पर्याप्त आंतरिक नियंत्रण तंत्र लागू किया है. ये तंत्र, भरोसेमंद वित्तीय और प्रचालन संबंधी जानकारी, रेकॉर्ड और उपलब्ध कराने, लागू कानूनों का अनुपालन करने, आस्तियों को अनधिकृत उपयोग अथवा हानि से बचाने, उचित प्राधिकरण के साथ लेन-देन करने और कंपनी की नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित करने के संबंध में उचित आश्वासन दिलाने के इरादे बनाए गए हैं.
आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग की देखरेख, लेखा परीक्षा समिति द्वारा की जाती है जो निदेशक मंडल को संगठन के जोखिम प्रबंधन, नियंत्रण और अभिशासन संबंधी प्रक्रियाओं की पर्याप्तता और प्रभावशालिता पर स्वतंत्र, वस्तुनिष्ठ और उचित आश्वासन दिलाने के उद्देश्य से आंतरिक नियंत्रण की प्रभाविता पर लगातार निगरानी रखती है. आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग, व्यावसायिक प्रक्रियाओं, तंत्रों और नियंत्रणों में सुधार करने के अवसरों का आकलन करता है, संगठन का मूल्य बढ़ाने के लिए ज़रूरी सिफ़ारिशें करता है और लेखा परीक्षा समिति और वरिष्ठ प्रबंधन द्वारा समीक्षा करने के बाद निवारक कार्रवाई लागू करने और व्यावसायिक प्रक्रियाओं में सुधार करने के बारे में अनुवर्ती कार्रवाई करता है.

आपकी कंपनी में, व्यापक जोखिम प्रबंधन कार्यविधि अपनाई जाती है. व्यवसाय के दौरान कामकाज के रूप में पहचाने गए प्रमुख जोखिमों पर व्यवस्थित ढंग से गौर करते हुए उनको मिटाने के लिए लगातार कार्रवाई की जाती है. कंपनी ने जोखिमों पर निगरानी रखने और उनको मिटाने के लिए कार्रवाई करने की दृष्टि से जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया है और जोखिम प्रबंधन समिति, कंपनी की जोखिम प्रबंधन नीतियों और तंत्रों को सुदृढ़ बनाने के लिए महत्वपूर्ण जोखिमों को पहचानती है.

कंपनी के आंतरिक नियंत्रण तंत्र, उसके कारोबार के स्वरूप और उसके आकार एवं उसकी प्रचालन की जटिलता के अनुरूप हैं. इनका नेमी तौर पर परीक्षण किया जाता है और सांविधिक एवं आंतरिक लेखा परीक्षकों द्वारा प्रमाणित किया जाता है तथा इस प्रक्रिया में सभी कार्यालयों, संयंत्रों और महत्वपूर्ण कारोबार क्षेत्रों में शामिल किया जाता है. इनके बारे में की गई लेखा परीक्षा संबंधी उल्लेखनीय लेख-टिप्पणियों और उस पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई के बारे में लेखा परीक्षा समिति को इत्तला किया जाता है. लेखा परीक्षा समिति, कंपनी के आंतरिक नियंत्रण माहौल की पर्याप्तता और प्रभाविता की समीक्षा करती है और कंपनी की जोखिम प्रबंधन नीतियों और तंत्रों को सुदृढ बनाने की सिफ़ारिशों सहित लेखा परीक्षा संबंधी सिफ़ारिशों के कार्यान्वयन पर निगरानी रखती है.

8.0 निष्पादन:

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान, भौतिक और वित्तीय मापदंड, दोनों के लिहाज से आपकी कंपनी का निष्पादन, नई ऊंचाइयों को छूते हुए गत निष्पादन के मानक पार कर गया और भविष्य के लिए नए कीर्तिमान स्थापित किए गए.

आपकी कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान कुल मिलाकर ₹50,864 करोड़ का कारोबार किया जब कि वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान ₹62,412 करोड़ का कुल कारोबार किया गया था. बिक्री में अवनति, ख़ासकर घटती रही क्रूड की कीमत से जुड़ी उत्पाद की कीमतों में गिरावट और साथ ही देशी छोर पर अधिक खरीदारी के कारण हुई. कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान उठाई गई ₹ (1712) करोड़ की हानि की तुलना में वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान ₹1148.16 करोड़ का कर उपरांत लाभ (PAT) अर्जित किया.

9.0 मानव संसाधन :

वर्ष 2015-16 के दौरान आपकी कंपनी का अपने सहयोगियों के साथ संबंध हार्दिक एवं सौजन्यपूर्ण रहा और इसके सबूत के तौर पर, इस दौरान किसी औद्योगिक उपद्रव के कारण एक भी श्रम घंटा गंवाया नहीं गया.

31/03/2016 को कुल कर्मचारियों की संख्या 1812 रही जिनमें 130 महिला कर्मचारी, 210 अ.जा./अ.ज.जा. के कर्मचारी और 26 शारीरिक दृष्टि से विकलांग कर्मचारी हैं. 816 कर्मचारी, प्रबंधन संवर्ग के हैं जब कि 996 कर्मचारी गैर-प्रबंधन संवर्ग के हैं.

10.0 सचेतक बयान:

प्रबंधन की चर्चा में तथा विश्लेषण एवं निदेशकों की रिपोर्ट में कंपनी के लक्ष्यों, प्रक्षेपणों और आकलन का वर्णन करते हुए दिए गए बयान, प्रगतिशील बयान है और लागू नियमों एवं विनियमों के अर्थ के अंदर प्रगतिशील हैं. वास्तविक परिणाम, अभिव्यक्त अथवा अंतर्निहित परिणामों से, आर्थिक दशा, सरकारी नीतियों और अन्य प्रासंगिक कारकों के आधार पर अलग हो सकते हैं. पाठकों को आगाह किया जाता है कि वे प्रगतिशील बयानों पर ज्यादा निर्भर न हों.

निगमित अभिशासन संबंधी रिपोर्ट

1. हमारे निगमित अभिशासन का सिद्धांत

निगमित अभिशासन के दो बुनियादी सिद्धांत हैं, पारदर्शिता और जिम्मेवारी. निगमित अभिशासन का मतलब है, नैतिकता के बल पर व्यावसायिक प्रक्रिया के जरिए हिस्सेदारों के लिए दीर्घावधि संधारणीय मूल्य निर्मित करना और बढ़ाना. निगमित अभिशासन के बारे में कंपनी का सिद्धांत है, हिस्सेदार का मूल्य बढ़ाने के प्रमुख उद्देश्य से अपने प्रचालन के हर एक आयाम में सर्वाधिक पारदर्शिता, जिम्मेवारी और नैतिकता हासिल करना.

कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 और SEBI (लिस्टिंग, दायित्व और प्रकटन संबंधी अपेक्षाएं) विनियम, 2015 (SEBI लिस्टिंग विनियम, 2015) में निगमित अभिशासन के क्षेत्र में किए गए परिवर्तन का पालन करती है. SEBI लिस्टिंग विनियम, 2015 के प्रावधानों का पालन करने के अलावा, कंपनी, कंपनी के बोर्ड पर अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की उपलब्धता की बात को छोड़कर बाकी के मामलों में, सार्वजनिक उद्यम विभाग (DPE), भारत सरकार द्वारा जारी केंद्रीय सरकारी क्षेत्र के उद्यमों के लिए कंपनी अभिशासन पर दिशानिर्देशों का भी पालन करती है. एमआरपीएल, एक केंद्रीय सरकारी क्षेत्र का उद्यम (CPSE) होने के नाते, कंपनी के बोर्ड पर निदेशकों की नियुक्ति, प्रशासनिक मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की जाती है. अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति का मामला, प्रशासनिक मंत्रालय, भारत सरकार के साथ उठाया जाता है. निगमित अभिशासन की शर्तों के अनुपालन के बारे में संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षकों का प्रमाणपत्र, इस रिपोर्ट के साथ संलग्न किया गया है.

कंपनी की यह मान्यता है कि निगमित अभिशासन के सर्वोच्च मानदंड सुनिश्चित करने के लिए एक सक्रिय, अच्छी तरह से सुविज्ञ एवं स्वतंत्र बोर्ड की ज़रूरत है. कंपनी का निदेशक मंडल, निगमित अभिशासन की बेहतरीन पद्धतियां अपनाने में सर्वोपरि है. इस प्रकार से बोर्ड, प्रबंधन के कामकाज पर निगरानी रखता है और हमारे हिस्सेदारों के दीर्घावधि हितों की रक्षा करता है.

कंपनी के निगमित अभिशासन का ढांचा, नीचे उल्लिखित सिद्धांतों पर बनाया गया है:

- शेयरधारकों के अधिकारों का संरक्षण करना और इनका प्रयोग करना सुसाध्य बनाना.
- पारदर्शी प्रणाली और मान्यताओं के प्रति प्रतिबद्धता; जिसमें हिस्सेदारों के अधिकारों को मान्यता दी जाती है और कंपनी एवं हिस्सेदारों के बीच सहयोग को बढ़ावा दिया जाता है;
- कंपनी की वित्तीय स्थिति, निष्पादन और अभिशासन सहित सभी महत्वपूर्ण जानकारी, वक़्त पर और ठीक तरह से प्रकट करना;
- ईमानदारी और जिम्मेवारी पर बल देते हुए आंतरिक नियंत्रण की सुदृढ़ प्रणाली के बलबूते पर काम करना;
- तमाम हिस्सेदारों को समस्त महत्वपूर्ण जानकारी वक़्त पर और पर्याप्त रूप से उपलब्ध कराना;
- लागू कानूनों, दिशानिर्देशों, नियमों और विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना;
- अपने हिस्सेदारों और समाज के लोगों के साथ न्याय संगत तरीके से और निष्पक्ष रूप से पेश आना;
- हिस्सेदारों के लिए प्रभावशाली मुखबिर नीतिगत तंत्र बनाना.

2. निदेशक मंडल :

निदेशक मंडल, निगमित अभिशासन संबंधी मानदंडों के परिप्रेक्ष्य में पारदर्शी और प्रभावशाली तरीके से अपना काम करता है. कंपनी में विस्तृत प्रत्यायोजित अधिकारों की पुस्तिका (BDP) और अन्य पुस्तिकाएं जैसे सामग्री प्रबंधन, कार्य पुस्तिका आदि हैं जिनमें प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई है और उस स्तर को परिभाषित किया गया है जिस स्तर पर (मंडल/कार्यकारी समिति/कार्यात्मक निदेशक) फैसला लिया जाता है और वक़्त-वक़्त पर समीक्षा कर यह सुनिश्चित किया जाता है कि इनको अद्यतन बनाकर संगठन की आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती है. कंपनी के बोर्ड पर 7 समितियां हैं जो विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर बोर्ड को, की जाने वाली कार्रवाई के बारे में सलाह देती है.

अ 31/03/2016 को निदेशकों की संरचना : 7

कार्यपालक निदेशक : 3

गैर कार्यकारी निदेशक : 4

आ. 31/03/2016 को निदेशक मंडल

निदेशक	कार्यकारी/गैर-कार्यकारी	श्रेणी / पदनाम	कितनी बैठकों में भाग लिया (7 बैठकें हुईं)	AGM में भाग लिया	निदेशक पदों की संख्या		बाह्य समितियों की संख्या	
					सार्वजनिक	निजी	सदस्य	अध्यक्ष
श्री डी.के. सर्राफ़	अध्यक्ष गैर-कार्यकारी	अध्यक्ष	7	हां	7	-	2	-
श्री एच. कुमार	कार्यपालक	प्रबंध निदेशक	7	हां	4	-	-	-
श्री एम. वेंकटेश	कार्यपालक	निदेशक (रिफाइनरी)	5	हां	3	-	-	-

श्री ए.के. साहू	कार्यपालक	निदेशक (वित्त)	1	लागू नहीं	2	-	1	-
श्री बी.के. नामदेव	गैर कार्यपालक	(एचपीसीएल) नामिती निदेशक	6	हां	6	-	-	-
श्रीमती पेरिन देवी	गैर कार्यपालक	सरकारी निदेशक	5	हां	1	-	1	2
श्री दिवाकर नाथ मिश्रा	गैर कार्यपालक	सरकारी निदेशक	0	लागू नहीं	-	-	-	-

(i) SEBI (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटन संबंधी अपेक्षाएं) विनियम, 2015 ('SEBI लिस्टिंग विनियम, 2015') के विनियम 36(3) के अनुसार नए निदेशक की नियुक्त अथवा निदेशक की पुनर्नियुक्ति के विवरण

नियुक्त अथवा पुन:नियुक्त किए जाने वाले नीचे उल्लिखित निदेशकों का संक्षिप्त सारवृत्त जैसे उनकी अर्हता, विशेषज्ञता, उन कंपनियों के नाम जिनके बोर्ड पर वे अध्यक्ष/निदेशक रहें और बोर्ड की उप-समिति के अध्यक्ष/निदेशक रहें, इन कंपनियों में इनका शेयरधारण और शेयर बाजार से संबंधित SEBI लिस्टिंग विनियम, 2015 के विनियम 36(3) का परस्पर अनुसरण करते हुए निदेशक के बीच संबंध, 28वीं वार्षिक महासभा संबंधी नोटिस में दिया गया है जो वार्षिक रिपोर्ट का ही एक भाग है.

- श्री डी.के. सर्राफ़ (DIN: 00147870), आवर्तन से सेवानिवृत्त होंगे और पात्र होने के नाते निदेशक के रूप में अपनी पुनर्नियुक्ति की पेशकश करते हैं.
- श्री ए.के. साहू (DIN: 07355933) को अपर निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया और निदेशक (वित्त) के रूप में नामोद्दिष्ट किया गया जिनको निदेशक (वित्त) के रूप में नियुक्त करने का प्रस्ताव है.
- श्री दिवाकर नाथ मिश्रा (DIN: 07464700) को अपर निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया जिनको निदेशक के रूप में नियुक्त करने का प्रस्ताव है.

(ii) गत निदेशक

निदेशक	कार्यकारी/गैर-कार्यकारी	श्रेणी	निदेशक पदों की संख्या		बाह्य समितियों की संख्या	
			सार्वजनिक	निजी	सदस्य	अध्यक्ष
श्री विष्णु अग्रवाल	कार्यपालक	निदेशक (वित्त)	3	-	2	-
श्री नलिन कुमार श्रीवास्तव	गैर कार्यपालक	सरकारी निदेशक	1	-	1	-

(iii) 2015-16 के दौरान निदेशक मंडल में परिवर्तन

निदेशक	नियुक्ति तारीख	कब से निदेशक नहीं रहे	कार्यकाल	टिप्पणियां
श्री एम. वेंकटेश	01/04/2015	लागू नहीं	नियुक्ति तारीख से 5 वर्ष अथवा सेवानिवृत्ति तारीख तक अथवा आगे आदेश दिए जाने तक, जो भी पहले हो.	निदेशक (रिफाइनरी) के रूप में नियुक्त किया गया
श्रीमती पेरिन देवी	14/05/2015	लागू नहीं	लागू नहीं	पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया
श्री ए.के. साहू	01/02/2016	लागू नहीं	नियुक्ति तारीख से 5 वर्ष अथवा सेवानिवृत्ति तारीख तक अथवा आगे आदेश दिए जाने तक, जो भी पहले हो.	निदेशक (वित्त) / CFO के रूप में नियुक्त किया गया.
श्री दिवाकर नाथ मिश्रा	09/03/2016	लागू नहीं	लागू नहीं	पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया
श्री विष्णु अग्रवाल	01/04/2011	31/01/2016	लागू नहीं	कंपनी की सेवाओं से निवृत्त होने के फलस्वरूप निदेशक नहीं रहें
श्री नलिन कुमार श्रीवास्तव	05/03/2015	03/03/2016	लागू नहीं	निदेशक नहीं रहें

(iv) दिनांक 31/03/2016 के बाद निदेशक मंडल में परिवर्तन

31/03/2016 के बाद निदेशक मंडल की संरचना में कोई परिवर्तन नहीं हुआ.

इ. वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान बोर्ड की बैठकों और 08-08-2015 को संपन्न 27वीं वार्षिक महासभा में निदेशकों की उपस्थिति.

(i) वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान संपन्न बोर्ड की बैठकों के ब्यौरे

वर्ष 2015-16 के दौरान, मंडल की सात (7) बैठकें हुईं.

क्रम सं.	बैठक की तारीख	बैठक सं.	स्थान
1	13/04/2015	196	नई दिल्ली
2	22/05/2015	197	नई दिल्ली
3	08/07/2015	198	नई दिल्ली
4	09/08/2015	199	मंगलूर
5	29/10/2015	200	नई दिल्ली
6	14/01/2016	201	नई दिल्ली
7	12/02/2016	202	नई दिल्ली

(ii) वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान निदेशकों की उपस्थिति.

निदेशक	कितनी बैठकों में भाग लिया	क्या पिछली AGM में भाग लिया
डी.के. सर्राफ़	7	हां
श्री एच. कुमार	7	हां
श्री एम. वेंकटेश	5	हां
श्री ए.के. साहू	1	लागू नहीं*
श्री बी.के. नामदेव	6	हां
श्री दिवाकर नाथ मिश्रा	लागू नहीं	लागू नहीं*
श्रीमती पेरिन देवी	5	हां

* श्री ए.के. साहू ने 01-02-2016 से अपर निदेशक के रूप में निदेशक (वित्त) का कार्यभार संभाला और श्री दिवाकर नाथ मिश्रा को 09-03-2016 से अपर निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया.

(iii) वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान गत निदेशकों की उपस्थिति.

निदेशक	कितनी बैठकों में भाग लिया	क्या पिछली AGM में भाग लिया
श्री विष्णु अग्रवाल	6	हां
श्री नलिन कुमार श्रीवास्तव	6	हां

ई. निदेशकों के बीच संबंध का प्रकटन

बोर्ड के निदेशकों के बीच आपस में कोई संबंध नहीं है.

उ. निदेशक का शेयरधारण:

31/03/2016 को निदेशकों द्वारा धारित कंपनी के इक्विटी शेयरों के ब्यौरे निम्नानुसार हैं:

निदेशक का नाम	धारित कुल शेयर
डी.के. सर्राफ़ (संयुक्त रूप से पत्नी के साथ)	100
श्री एच. कुमार(संयुक्त रूप से पत्नी के साथ)	200
श्री बी.के. नामदेव (संयुक्त रूप से पत्नी के साथ)	200

ऊ. स्वतंत्र निदेशक

एमआरपीएल, एक केंद्रीय सरकारी क्षेत्र का उद्यम (CPSE) होने के नाते, कंपनी के मंडल पर निदेशकों की नियुक्ति, प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात्; पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एण्ड एनजी), भारत सरकार द्वारा की जाती है. अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति का मामला, एमओपी एण्ड एनजी के साथ उठाया जा रहा है.

3. लेखा परीक्षा समिति

निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति (" the Audit Committee") को कंपनी की आंतरिक नियंत्रण और वित्तीय रिपोर्ट प्रक्रिया का पर्यवेक्षण करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है. इस समिति की संरचना, कोरम, अधिकार, भूमिका और व्याप्ति, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 और SEBI लिस्टिंग विनियम, 2015 के विनियम 18 के प्रावधानों के अनुसार है. लेखा परीक्षा समिति के सारे सदस्य, वित्तीय दृष्टि से साक्षर हैं और वित्त, कराधान, अर्थशास्त्र, जोखिम और अंतर्राष्ट्रीय वित्त के क्षेत्र में विशेषज्ञ हैं. लेकिन स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति न होने के कारण, कंपनी ने, लेखा परीक्षा समिति की संरचना करने का पालन नहीं किया है. कंपनी, अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति का मामला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (एमओपी एण्ड एनजी) के साथ उठा रही है.

क) विचारार्थ विषय

लेखा परीक्षा समिति, अन्य बातों के साथ-साथ ये कार्य करती है जैसे वार्षिक आंतरिक लेखा परीक्षा योजना के लिए अनुमोदन देना, वित्तीय रिपोर्टिंग प्रणाली, आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की समीक्षा करना, तिमाही, अर्धवार्षिक और वार्षिक वित्तीय परिणामों पर चर्चा करना, सांविधिक और आंतरिक लेखा परीक्षकों के साथ परस्पर विचार– विमर्श करना. लागत लेखा परीक्षकों/आंतरिक लेखा परीक्षकों की नियुक्ति और उनके पारिश्रमिक की समीक्षा और सिफ़ारिश करना, कारोबार जोखिम प्रबंधन योजना की समीक्षा करना, विदेशी मुद्रा नीति की समीक्षा करना, प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण, आंतरिक लेखा परीक्षा रिपोर्टों की, संबद्ध पक्षकारों के साथ किए गए उल्लेखनीय लेन-देन की समीक्षा करना. बोर्ड ने, लेखा परीक्षा समिति का चार्टर, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 और SEBI लिस्टिंग विनियम, 2015 के विनियम 18 तथा CPSE के लिए निगमित अभिशासन के बारे में DPE के दिशानिर्देशों का प्रभावशाली ढंग से पालन करने के प्रयोजन से बनाया है. इस भूमिका का निर्वाह करने के लिए, लेखा परीक्षा समिति को अधिकार है कि वह, अपने विचारार्थ विषय के अंदर किसी भी गतिविधि की तहकीकात करे, कर्मचारियों से जानकारी मांगे और बाहर से कानूनी और पेशेवर सलाह पाए.

ख) 31/03/2016 को लेखा परीक्षा समिति की संरचना

लेखा परीक्षा समिति के सदस्य	श्रेणी
श्रीमती पेरिन देवी	अध्यक्ष
श्री बी.के. नामदेव	सदस्य
श्री दिवाकर नाथ मिश्रा	सदस्य
श्री एम. वेंकटेश	सदस्य

टिप्पणी :

- कंपनी ने, अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों के साथ लेखा परीक्षा समिति का गठन करने के बारे में SEBI लिस्टिंग विनियम, 2015 के विनियम 18(1)(ख) की अपेक्षाओं की पूर्ति नहीं की है. लेकिन कंपनी, अपेक्षित

संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति का मामला, एमओपी एण्ड एनजी के साथ उठा रही है.

- निदेशक (वित्त) और आंतरिक लेखा परीक्षकों को, लेखा परीक्षा की बैठकों में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाता है.
- कंपनी सचिव, लेखा परीक्षा समिति के सचिव होते हैं.
- लेखा परीक्षा समिति द्वारा वित्तीय विवरणों की समीक्षा करते समय, संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षकों को विशेष अतिथियों के रूप में आमंत्रित किया जाता है.

ग) वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान संपन्न लेखा परीक्षा समिति की बैठकों के ब्यौरे

वर्ष 2015-16 के दौरान, लेखा परीक्षा समिति की सात (7) बैठकें हुईं.

बैठक की तारीख	बैठक सं.	कितने सदस्यों ने भाग लिया
22/05/2015	73	3
08/07/2015	74	3
09/08/2015	75	4
29/10/2015	76	4
13/01/2016	77	2
12/02/2016	78	2
09/03/2016	79	3

घ) वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान संपन्न लेखा परीक्षा समिति की बैठकों में उपस्थिति

लेखा परीक्षा समिति के सदस्य	कितनी बैठकों में भाग लिया
श्रीमती पेरिन देवी	5
श्री बी.के. नामदेव	6
श्री दिवाकर नाथ मिश्रा	लागू नहीं
श्री एम. वेंकटेश	5
श्री नलिन कुमार श्रीवास्ताव (09-03-2016 से निदेशक नहीं रहें)	5

4. नामांकन और पारिश्रमिक समिति

एमआरपीएल, 'अनुसूची A' का, केंद्रीय सरकारी क्षेत्र का उद्यम (CPSE) है. प्रबंध निदेशक और कार्यात्मक निदेशकों (पूर्णकालिक निदेशक) की नियुक्ति, संबंधित नियम, शर्तें और पारिश्रमिक, सार्वजनिक उद्यम विभाग (DPE), भारत सरकार द्वारा तय किए जाते हैं.

SEBI लिस्टिंग विनियम, 2015 के विनियम 19 तथा CPSE के लिए निगमित अभिशासन के बारे में DPE के दिशानिर्देशों का अनुसरण करते हुए आपकी कंपनी ने, अप्रैल, 2009 में पारिश्रमिक समिति का गठन किया.

क) विचारार्थ विषय:

कंपनी ने, अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों के साथ नामांकन और पारिश्रमिक समिति का गठन करने के बारे में SEBI लिस्टिंग विनियम, 2015 के विनियम 19(1)(ग) और कंपनी अधिनियम, 2013 की अपेक्षा की पूर्ति नहीं की है. लेकिन कंपनी, अपेक्षित संख्या में निदेशकों की नियुक्ति का मामला, एमओपी एण्ड एनजी के साथ उठा रही है.

ख) 31/03/2016 को नामांकन और पारिश्रमिक समिति की संरचना

नामांकन और पारिश्रमिक समिति के सदस्य	श्रेणी
श्री दिवाकर नाथ मिश्रा	अध्यक्ष
श्री बी.के. नामदेव	सदस्य
श्रीमती पेरिन देवी	सदस्य

ग) वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान संपन्न नामांकन और पारिश्रमिक समिति की बैठकों के ब्यौरे

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान नामांकन और पारिश्रमिक समिति की कोई बैठक नहीं हुई.

घ) वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान संपन्न नामांकन और पारिश्रमिक समिति की बैठकों में उपस्थिति.

लागू नहीं, क्योंकि वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान कोई बैठक नहीं हुई.

5. निदेशकों का पारिश्रमिक

कंपनी, ' अनुसूची - " A" केंद्रीय सरकारी क्षेत्र का उद्यम होने के कारण, निदेशकों और अन्य प्रबंधकीय व्यक्तियों को प्रदत्त पारिश्रमिक, सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के आधार पर होता है. कंपनी की पारिश्रमिक नीति, सार्वजनिक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार है.

क) वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान स्वतंत्र निदेशकों को प्रदत्त पारिश्रमिक (बैठक शुल्क) के ब्यौरे:

चूंकि एमओपी एण्ड एनजी ने अभी स्वतंत्र निदेशकों का नामांकन नहीं किया है इसलिए यह बात लागू नहीं होती है.

ख) वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान प्रबंध निदेशक, निदेशक (वित्त) और निदेशक (रिफाइनरी) को प्रदत्त पारिश्रमिक के ब्यौरे:

(₹ करोड़)

विवरण	प्रबंध निदेशक (श्री एच. कुमार)	निदेशक (रिफाइनरी) (श्री एम. वेंकटेश)	निदेशक (वित्त) (श्री ए. के. साहू)	निदेशक (वित्त) (श्री विष्णु अग्रवाल)	कुल
वेतन, भत्ते और अनुलाभ	0.35	0.26	0.04	0.41	1.06
भ.नि. व अन्य निधियों के प्रति अंशदान	0.04	0.04	0.01	0.04	0.13
कुल	0.39	0.30	0.05	0.45	1.19

ग) **सेवा संबंधी ठेके की शर्तें:**

विवरण	प्रबंध निदेशक	निदेशक (रिफाइनरी)	निदेशक (वित्त)
कार्यकाल	नियुक्ति तारीख से 5 वर्ष अथवा सेवानिवृत्ति तारीख तक अथवा आगे आदेश दिए जाने तक, जो भी पहले हो.	नियुक्ति तारीख से 5 वर्ष अथवा सेवानिवृत्ति तारीख तक अथवा आगे आदेश दिए जाने तक, जो भी पहले हो.	नियुक्ति तारीख से 5 वर्ष अथवा सेवानिवृत्ति तारीख तक अथवा आगे आदेश दिए जाने तक, जो भी पहले हो.
नोटिस अवधि	तीन महीने की नोटिस अथवा उसके बदले में तीन महीने के वेतन का भुगतान.	तीन महीने की नोटिस अथवा उसके बदले में तीन महीने के वेतन का भुगतान.	तीन महीने की नोटिस अथवा उसके बदले में तीन महीने के वेतन का भुगतान.
पृथक्करण शुल्क	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
स्टॉक विकल्प के ब्यौरे (अगर कोई हो तो)	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
क्या बट्टे पर दिया गया	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
कितनी अवधि में उपचित हुआ और उसे लागू किया जा सकेगा	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं

6. स्टेक होल्डर रिलेशनशिप समिति

क) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 178 के प्रावधानों के अनुसार शेयरधारकों की शिकायतों की समीक्षा कर उनका निवारण करने की खातिर स्टेक होल्डर रिलेशनशिप समिति का गठन करने का अधिदेश है.

ख) विचारार्थ विषय:

- कंपनी के हिस्सेदारों की शिकायतों पर विचार करना और उनका निवारण करना.
- शेयरों के हस्तांतरण, तुलन पत्र प्राप्त न होने, लाभांश न मिलने आदि के बारे में हिस्सेदारों की शिकायतों का निवारण करने पर ध्यान देना.
- हिस्सेदारों के अधिकारों की हिफ़ाजत करना और वक्त पर एवं सही जानकारी का प्रकटन तथा पारदर्शिता सुनिश्चित करना.

क) 31/03/2016 को स्टेक होल्डर रिलेशनशिप समिति की संरचना.

स्टेक होल्डर रिलेशनशिप समिति के सदस्य	श्रेणी
श्री दिवाकर नाथ मिश्रा	अध्यक्ष
श्री बी.के. नामदेव	सदस्य
श्रीमती पेरिन देवी	सदस्य
श्री एच. कुमार	सदस्य
श्री एम. वेंकटेश	सदस्य
श्री ए.के. साहू	सदस्य

ग) अनुपालन अधिकारी का नाम और पदनाम : श्री दिनेश मिश्रा, कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी.

ङ) वित्त 2015-16 के दौरान शेयर धारकों से प्राप्त शिकायतों की संख्या: 30

च) वित्त 2015-16 के दौरान सुलझाए बगैर पड़ी रहीं शिकायतों की संख्या: कुछ नहीं

छ) **31/03/2016 को कितने शेयरों का अंतरण लंबित रहा: कुछ नहीं**

7. शेयर अंतरण समिति (STC)

(i) कंपनी अधिनियम, 2013 और कंपनी (शेयर पूंजी और डिबेंचर) नियम, 2014 का अनुसरण करते हुए, निदेशक समिति (शेयर अंतरण समिति) का गठन, शेयरों का अंतरण, शेयरों का प्रेषण और डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने संबंधी अनुमोदन देने के लिए किया गया है.

(i) शेयर अंतरण समिति में, प्रबंध निदेशक, निदेशक (वित्त) और निदेशक (रिफाइनरी) हैं, जो शेयरों का अंतरण, शेयरों का प्रेषण और डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने संबंधी अनुमोदन देते हैं और उससे प्रासंगिक मामले संभालते हैं. समिति का कोरम बनने के लिए कोई दो निदेशक होने चाहिए.

(ii) कंपनी (शेयर पूंजी और डिबेंचर) नियम, 2014 के नियम 6(2)(क) का अनुसरण करते हुए, खो दिए गए अथवा नष्ट हुए शेयर प्रमाणपत्रों के बदले डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र, शेयर अंतरण समिति का अनुमोदन लेकर दिए जाते हैं क्योंकि बोर्ड ने, MCA सामान्य परिपत्र सं. 19/2014 दिनांक 12 जून, 2014 का अनुसरण करते हुए STC को डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने का अधिकार दिया है.

8. मानव संसाधन प्रबंधन समिति

क) विचारार्थ विषय:

- अनुमोदनार्थ बोर्ड के समक्ष मासं संबंधी नीतियों की सिफ़ारिश करना.
- संदिग्धता दूर करने के लिए अनुमोदित मासं संबंधी नीतियों की समीक्षा करना.

ख) 31/03/2016 को मानव संसाधन प्रबंधन समिति की संरचना.

1.	श्रीमती पेरिन देवी	अध्यक्ष
2.	श्री दिवाकर नाथ मिश्रा	सदस्य
3.	श्री बी.के. नामदेव	सदस्य
4.	श्री एच. कुमार	सदस्य
5.	श्री एम. वेंकटेश	सदस्य
6.	श्री ए.के. साहू	सदस्य

ग) वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान संपन्न हुई HRM समिति की बैठक के ब्यौरे:

वर्ष 2015-16 के दौरान HRM समिति की पांच बैठकें हुईं. बैठक की तारीखों और उपस्थिति के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

(i) बैठक के ब्यौरे :

बैठक की तारीख	बैठक सं.	कितने सदस्यों ने भाग लिया
21/05/2015	35	4
15/07/2015	36	5
07/01/2016	37	6
09/03/2016	38	5
30/03/2016	39	6

(ii) उपस्थिति :

HRM समिति के सदस्य	कितनी बैठकों में भाग लिया
श्रीमती पेरिन देवी	4
श्री दिवाकर नाथ मिश्रा	1
श्री बी.के. नामदेव	3
श्री एच. कुमार	5
श्री एम. वेंकटेश	5
श्री ए.के. साहू	2
श्री नलिन कुमार श्रीवास्तव (03/03/2016 तक)	3
श्री विष्णु अग्रवाल (31/01/2016 तक)	3

9. परियोजना मूल्यांकन और क्रियान्वयन / स्वास्थ्य की देखभाल और पर्यावरण संबंधी समिति

क) विचारार्थ विषय:

- पूंजीगत परियोजनाओं की समीक्षा करना और बोर्ड के समक्ष उनकी सिफ़ारिश करना.
- बोर्ड द्वारा अनुमोदित परियोजनाओं के वक्त-वक्त पर कार्यान्वयन की समीक्षा करना.
- स्वास्थ्य की देखभाल और पर्यावरण से जुड़ी गतिविधियों की समीक्षा करना और उस बारे में सलाह देना.

ख) 31/03/2016 को PAE/HSE समिति की संरचना.

1.	श्री बी.के. नामदेव	अध्यक्ष
2.	श्री दिवाकर नाथ मिश्रा	सदस्य
3.	श्री एच. कुमार	सदस्य
4.	श्री एम. वेंकटेश	सदस्य
5.	श्री ए.के. साहू	सदस्य

ग) वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान संपन्न हुई PAE/ HSE समिति की बैठक के ब्यौरे: :

